
Official Periodical of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi
श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी की अधिकृत पत्रिका

# SHRI SAI LEELA श्री साई लीला

* Year 25 * Issue 5 * Sept.-Oct. 2025 * ₹ 25/-
* वर्ष २५ * अंक ५ * सितम्बर-अक्टूबर २०२५ * ₹ २५/-

## SHREE SAI *PUNYATITHI* ANNUAL SPECIAL ISSUE






Every chapter of the Shree Sai Satcharita begins with the remembrance of Shree Ganesh...

# SHREE SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI

## Hon'ble Members of Ad-hoc Committee




**Smt. Anju Shende (Sontakke)**
**(Chairperson)**
Principal District & Sessions Judge, Ahilyanagar



**Shri Pankaj Ashiya (IAS)**
**(Member)**
District Collector, Ahilyanagar



**Shri Goraksha Gadilkar (IAS)**
**(Chief Executive Officer)**


Internet Edition - **URL:http://www.shrisaibabasansthan.org**


# श्री साई लीला

# SHRI SAI LEELA

वर्ष २५ अंक ५

Year 25 Issue 5

संपादक : मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कार्यकारी संपादक : भगवान दातार

Editor : Chief Executive Officer
Executive Editor : Bhagwan Datar



## अंतरंग


- *Murlidhar* Sai... 4
- The Nine Coins of Shree Sai Baba : Prof. Dr. Subodh Agarwal 6
- ज्ञानेश्वर साईं ! मुरलीधर साईं ! : दास कुम्भेश ९
- Shirdi Sai Baba's Healthsome Daily Regimen : Prof. Dr. Subodh Agarwal 15
- भक्त बुलाते हैं... साईं पधारते हैं! : सुरेश चन्द्र २२
- Divine Experiences of Sai Maharaj 30
- With the Inspiration of Shree Sai Baba... : Dhanesh Jukar 35
- साईं – मसीहा मेरे ! : विनय घासवाला ४२
- अन्नदान श्रेष्ठ दान ! : अनु मिश्रा ४५
- श्री साईं सत् चरित पारायण समारोह ४८
- Shree Sai *Punyatithi* Festival - 2025 52
- Shirdi News 60



● Cover & inside pages designed by Don Bosco and Prakash Samant (Mumbai) ● **Computerised Typesetting:** Computer Section, Mumbai Office, Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi ● **Mumbai Office :** 'Sai Niketan', 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar (East), Mumbai - 400 014. Contact No. : (0)9404876574 E-mail : saidadar@sai.org.in ● **Shirdi Office :** At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahilyanagar. Tel. : (02423)258500 Fax : (02423)258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in ● **Annual Subscription : ₹ 125/-** ● **Subscription for Life : ₹ 2,500/-** ● **Annual Subscription for Foreign Subscribers : ₹1,000/-** (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) ● **General Issue : ₹ 15/-** ● **Shree Sai *Punyatithi* Annual Special Issue : ₹25/-** ● Published and printed by the Chief Executive Officer, on behalf of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and at the Taco Visions Pvt. Ltd., Gala Nos. 9 & 10, Blue Mount Work Station, Valiv Phata, Sativli Rd., Vasai East, Palghar - 401 208 respectively. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.

# *Murlidhar* Sai...



***yadā yadā hi dharmasya glānir bhavati bhārata abhyutthānam adharmasya tadātmānaṁ sṛijāmyaham - paritrāṇāya sādhūnāṁ vināśhāya cha duṣhkṛitām dharma-sansthāpanārthāya sambhavāmi yuge yuge*** - **Shreemad Bhagvadgeeta**

**It is said that *Maharaj* (Sai) had told His devotees that in time to come, He would reappear as a lad of eight years... These are the words of a Saint, and no one should doubt them. *Chakrapani* (*Murlidhar*) in the Krishna *Avatar* did exactly this... - Shree Sai Satcharita**

Some have their '*Samadhi*' built before leaving the body, so that their body may certainly find quietude at that place. That is how Baba acted. But, no one realised it earlier. He got the '*Samadhi Mandir*' built, in an unique way. There was a very rich man of Nagpur, called Bapusaheb Butti. Baba got the edifice raised by him. Bapusaheb was a great devotee and attached to the feet of Sai. He came often with his family and stayed at Shirdi to serve Him. Being devoted at Sai's feet he stayed there on and of, and remaining always obedient to Him, he felt like staying always at Shirdi. He felt like buying a small plot of land and constructing a small building to stay there independently...

This was how the original seed was sown from which the tree in the form of the temple stands today. This is the visible monument of Sai *Maharaj*'s love for the benefit of His devotees...

How this construction came about, what was the nature of the beginning, and how it took shape – listen to the whole narration...

When Bapusaheb was sleeping once, on the first floor of Dixit *wada*, he got this idea while seeing a wonderful vision. There itself, where Madhavrao was sleeping on one of the beds, he also had the same vision. Both were very surprised. In Bapusaheb's vision Baba was commanding him : "You should build your own wada certainly, with a *Mandir* within it". No sooner than the vision ended, Bapusaheb awakened. Sitting on the bed, he began to recall the whole dream. While he was thus occupied, he heard Madhavrao weeping. Butti loudly called out to him - "Wake up", and this made him fully awake. "Oh, why were you weeping?" When Madhavrao was asked this, he replied, "Listening to Shree's loving words I could not control my emotions. My throat was choked with great emotion, and my eyes were overflowing with tears. I was unable to control my

tremendous love, and thus I ended weeping. Baba came near me and gave me an explicit order, 'Let there be a *wada* with a temple; it will fulfil the desires of all.' Bapusaheb was left wondering why both had the same vision. He no longer had any doubts. He decided to act upon it...

Butti was rich by birth and had the capability to build the *wada* with the temple. Madhavrao was just comfortably off; and yet both had the same mission! Their visions agreed. They were brimming with blissful happiness. They drew up a plan and Kaka (Dixit) also approved of it...

So be it. The next morning when all the three were near Baba, Baba minutely observed Shama's face as per His usual habit. Shama said, "O Lord, what is this unfathomable sport of yours? You do not even allow us to sleep undisturbed! You make us rave then also". Hearing this, Baba covered both His ears with His hands and said, "I have been here all the time, whatever else one may say". So be it. Then the plan that had been earlier drawn up was placed before Baba for His approval. Baba immediately gave His permission to build the house with the temple...

Madhavrao got ready to supervise the work. The basement and the ground floor got ready. Even the well was ready under his direction. The construction work reached this level...

On His way to and from the Lendi, while the doors and windows were being fixed, Baba watched with interest and eagerness. Baba would say pointing with His forefinger : "A door should be here; a window there. Here, to the east, have a gallery. It will look nice"...

Later, due to the law of cause and effect, further work was destined to the credit of Bapusaheb Jog. Therefore, it was entrusted to him...

As the work was progressing, Butti got an inspiration that in the innermost space of the building he could install the image of Murlidhar (Lord Krishna). Though he got this idea, but without knowing Baba's mind Butti never initiated any work without getting the *Guru*'s permission. This was his regular habit. Baba's permission was his creed. There was no work which he started otherwise. Why should there be a division in the middle? What is the need for it? Demolishing the walls from both the sides, the image of Murlidhar could be installed. Bapusaheb wanted the central hall to be the temple. But, he wanted to ask Baba what He felt about it. If He so desired, it should be done without any doubts. Therefore, he said to Madhavrao, "You take Baba's opinion. Then plan further work, as the Lord approves"...

While Baba was on His usual round and had come near the *wada*, right at the door, listen to what Shamrao asked - "Lord, Bapusaheb says that by demolishing the two walls of the central hall the image of the swarthy Murlidhar could be installed with great love. Making a square place or platform in the centre, we could have a throne on which Murlidhar could be kept. It will look beautiful. This is what Bapusaheb is planning, but needs Your consent. In this way, the temple and the house will be completed quickly". Hearing these words of Shama, Baba happily gave His consent! **"After the temple is completed, we will come and live there"**. Gazing at the *wada*, Baba spoke very sweetly, **"After the *wada* is completed, we shall use it for ourselves. We shall be together there; there itself, we shall all play and embrace each other lovingly and enjoy a time of plenty happily"**. So be it. Then Madhavraoji asked Shree Sai, "If this is the definite permission, then whether this is the auspicious time to begin the foundation work (of that project). Lord, this is a good time, isn't it? Should I bring a coconut to break?" "Break, break," Baba said. So Madhavrao brought a coconut immediately and broke it...

So be it. Later, the central hall was completed and also the square platform for Murlidhar. The statue was also entrusted to be made by a sculptor...

Later, there came a time when Baba became seriously ill and death became imminent. The devotees were greatly anxious. Bapusaheb was very restless and wondering, about the future of this *wada*. He did not know what would happen and was, therefore, disturbed. Henceforth would Baba's feet touch this temple (and consecrate it). Would the lakhs of rupees have been spent in vain now that this problem had arisen? When Baba is no more, why should there be Murlidhar or a house, why the *wada* or the temple? Butti was miserable. Later, because of good fortune, when the end came, due to Sai's orders, the *wada* had a great destiny, and all were pleased. **"Place me in the *wada*,"** these words of Baba at the time of passing away, when they were uttered by Baba, brought great relief to all. Then the holy remains of Sai's body rested finally in the central hall. **The *wada* became the *Samadhi Mandir*.** Unfathomable is Sai's life!...

That Butti is blessed and fortunate in whose own house the body of Shree Sai rests, and whose very name is most holy.



# The Nine Coins of Shree Sai Baba

## Symbolism, *Navavidha Bhakti*, and the Completeness of Surrender...

**Introduction**

On the sacred day of Vijayadashami in 1918, moments before His *Mahasamadhi*, Shirdi Sai Baba entrusted nine silver coins to Lakshmibai Shinde, a devotee who had lovingly served Him for years. This simple, yet profound act, set against the backdrop of His departure from the mortal plane, stands as a testament to Baba's teaching style : instructing through symbol, gesture and lived action. To the casual observer, these coins may appear as tokens of gratitude. Yet, to the reflective devotee, they embody a mystical teaching - one that resonates with the completeness of devotion, the fullness of surrender, and the eternal bond between *Guru* and disciple.

This article explores the nine coins in their layered significance : as a symbol of *Navavidha Bhakti* (the nine modes of devotion), as an emblem of completeness (*navatva*), and as a sacred seal of Sai Baba's teachings on surrender, service and divine ownership (*Allah Malik*). Drawing from the Shree Sai Satcharita, the *Upanishads*, the Bhagvad Geeta and the *Puranas*, we attempt to unveil the inner light that Baba cast through this gesture.

**The Historical Moment :**
**Lakshmibai Shinde and the Coins**

Hemadpant records in the Shree Sai Satcharita (Ch. 42) that Baba, while lying on His deathbed, summoned Lakshmibai Shinde, and gave her nine silver coins. This act was unusual : Baba was not known to keep or give away such specific numbered tokens without spiritual intent. Lakshmibai herself was perplexed at first, but the devotees, and later commentators recognized this as a symbolic transmission.

Much like Socrates' final words in Phaedo or Jesus' last utterances from the Cross, Sai Baba's last symbolic action bore profound teaching value. Whereas Socrates offered reason, and Jesus offered surrender in agony, Baba offered the completeness of devotion in the form of coins.

**The Nine Coins as**
***Navavidha Bhakti***

In the Bhagavat *Puran* (VII.5.23), Prahlad outlines the nine modes of devotion (*Navavidha Bhakti*) :



1. ***Śravaṇam*** - listening to the divine stories
2. ***Kīrtanam*** - singing God's names
3. ***Smaranam*** - remembrance
4. ***Pāda-sevanam*** - service to the Lord's feet
5. ***Archanam*** - worship
6. ***Vandanam*** - prayer and prostration
7. ***Dāsyam*** - servitude
8. ***Sākhyam*** - friendship
9. ***Ātma-nivedanam*** - complete surrender of the self

Baba's nine coins may be read as a direct embodiment of these nine forms. To Lakshmibai - who had served Him daily with food, care and devotion - the gift was not mere currency, but an initiation into the fullness of devotion, a reminder that true wealth lies in offering all nine forms of *bhakti* to the Divine.

The Bhagavat itself declares :

> "Hearing, chanting, remembering, serving the Lord's feet, worshiping, offering prayers, serving as a servant, cultivating friendship and surrendering everything - these nine are accepted as the highest devotion." (Bhagavat *Puran*, VII.5.23)

By giving nine coins, Baba concretized this scriptural teaching in a single gesture, leaving behind a legacy that disciples could meditate upon for generations.

**Completeness and**
**the Mystical Number Nine**

In many traditions, the number nine signifies completion, wholeness and transition.

In the *Upanishadic* vision, the human body itself is described as having 'nine gates' (*nava-dvār*), symbolizing the embodied soul (Kaṭha *Upanishad*, II.2.1). Baba's nine coins could thus be seen as a gentle reminder to transcend the body-city,

and realize the *Atma* within.

In *Vedic* cosmology, nine is associated with the *navagrahas* (the nine planetary forces), representing the cosmic order. Baba's coins may, therefore, reflect His assurance that He governs the devotee's destiny across all forces of fate.

In Hindu ritual practice, nine is sacred to Goddess Durga, whose worship during *Navaratri* culminates on Vijayadashami - the very day Baba attained *Mahasamadhi*. The nine coins thus resonate with *Shakti*, victory and divine protection.

In Sufi mysticism, which deeply influenced Sai Baba, nine often signifies completion before transcendence - the last digit before a return to unity (10 → 1). The coins thus bridge the finite and the infinite, a gift of transition from earthly to divine.

**Charity as the Crown of Surrender**

Sai Baba repeatedly emphasized that *Allah Malik* - God alone is the true owner. Charity was not for show, but a natural outflow of surrender. The gift of nine coins at the moment of *Mahasamadhi* crowned His lifelong teaching of detachment and generosity.

**The Geeta states** :

> "Whatever you do, whatever you eat, whatever you offer in sacrifice, whatever you give, whatever austerity you practice - O son of Kunti, do that as an offering unto me." (Bhagvad Geeta, IX.27)

Baba lived this verse, teaching that charity - even the smallest gift - becomes sacred, when offered in remembrance of God. His nine coins were not only symbolic but also a living act of giving at the threshold of death, teaching that the final gesture of a saint is to bless the devotee with wealth of devotion, not possession.

**Nine Coins as the *Guru*'s Seal**

In *Guru–shishya* traditions, final teachings are often transmitted in symbolic form :

The Buddha handed over his begging bowl to Mahākāśyapa.

Śaṅkara entrusted his disciples with commentarial insights and the four *maṭhas*.

Jesus gave the Eucharist, and the words, "Do this in remembrance of me."

Sai Baba's nine coins are of this lineage : a symbolic seal of His *Guru*ship. To Lakshmibai, who received them, it was an intimate trust; to the community of devotees, it was a legacy of *bhakti*, completeness and surrender.

**Transmission and Legacy**

The coins remain preserved, not just as physical relics, but as reminders of a teaching too subtle for words. Just as Hemadpant's Satcharita preserves Baba's *leelas*, the nine coins preserve His essence in symbolic form. For devotees, meditating on these nine coins becomes a meditation on the nine forms of devotion, the completeness of surrender and the *Guru*'s infinite charity.

**Conclusion**

The nine coins that Sai Baba gave to Lakshmibai Shinde were no ordinary parting gift. They were the crystallization of His teachings - embodying the fullness of devotion, the completeness of surrender and the eternal truth that God alone is the Master. Just as Socrates left reason, and Jesus left surrender, Baba left the living symbol of charity and *bhakti*.

To the world, nine coins; to the devotee, the entire treasury of spiritual wisdom.

***Sabka Malik Ek***

**- Prof. Dr. Subodh Agarwal**

# ज्ञानेश्वर साईं! मुरलीधर साईं!!



मुरलिया मैं तुम्हारी
तुम मुरलीधर साईं

धन्य हुई आकर
तेरे अधरों पर
मैं हरदम गाऊँ
लीला तेरी साईं

मुरलिया मैं तुम्हारी...

लगन लगी तुमसे
सुधि खोई तब से
प्रीति के रसीले
सुर पी मैं मधुमाई

मुरलिया मैं तुम्हारी...

चरितसिंधु में जो
गोत लगाई तो
ज्ञान भक्ति मोती
प्रीतम तुमको पाई

मुरलिया मैं तुम्हारी...

क्यों अभियान करूँ
बाँस की बनी हूँ
वैसे ही बाजी
जैसे नाथ बजाई

मुरलिया मैं तुम्हारी
तुम मुरलीधर साईं

धन्य है शिर्डी, धन्य थे वे शिर्डी के लोग, जहाँ और जिनके बीच, साईंनाथ, तुमने अवतार लिया और एक गुमनाम ग्राम को परम-पावन, महान तीर्थधाम बना दिया। युवावस्था में जब तुम शिर्डी आए, तुम्हें कोई जानता न था। गाँव में एक गड्ढा था। गाँव वाले उस गड्ढे में गाँव भर का कूड़ा-कचरा डालते थे। तुम उसी कचरे के पास कहीं भी लोट जाते थे। वहीं, नीम वृक्ष की छाया में ध्यान करते, विश्राम करते थे। छाया हो या धूप, चंदन की सुगंध हो या कचरे की दुर्गंध, तुम्हें उससे कोई फ़र्क़ न पड़ता था। तुम्हारे लिए तो सृष्टि का कण-कण ईश्वरमय था। तुम कण-कण से प्रेम करते थे। कहते हैं कि घूरे के दिन भी फिरते हैं। शिर्डी के उस कूड़ा-कचरा वाले गड्ढे के दिन भी फिरने वाले थे। तभी तो तुम उसके पास आए। उसी भाग्यशाली गड्ढे के ऊपर कालांतर में विशाल बूटी वाड़ा बना, वहीं महासमाधि के बाद तुम्हारा पार्थिव शरीर रखा गया और आज का जगमगाता तुम्हारा समाधि मंदिर भी वहीं शोभायमान है। तुम्हारी लीला अद्भुत है, साईंनाथ! शिर्डी ग्रामवासियों की ही नहीं, तुमने उनकी जीवन नौका भी पार उतारी, जो बाहर दूर-दराज़ के गाँव-नगरों से शिर्डी... तुम्हारी शरण में आए। उनमें से एक नानासाहेब चाँदोरकर भी थे। वे पहली बार तुम्हारे दर्शन करने आए थे। आए, तो तुम्हारे ही होकर रह गए। तुम्हारे परम भक्त बन गए।

एक दिन की बात है। नानासाहेब मसजिद में बैठे हुए हाथों से तुम्हारी चरण सेवा और मुख से श्रीमद् भगवद्गीता के चौथे अध्याय का पाठ कर रहे थे। उन्होंने चौतीसवें श्लोक का उच्चारण किया -

तद्विद्धिप्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।





**उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिनः।।**

वे श्लोक बुदबुदा रहे थे; इसलिए ठीक से कुछ सुनाई नहीं दे रहा था। तुमने उन्हें टोक कर कहा, ''नाना! क्या कह रहे हो? ज़रा ज़ोर से कहो, मैं भी तो सुनूँ!'' साईंनाथ महाराज! सुनना-सुनाना तो बहाना था। असल में उस दिन तुम अपने भक्त के अहंकार का दमन करना चाहते थे। नानासाहेब चाँदोरकर संस्कृत भाषा के ज्ञाता थे। भगवद्‌गीता के प्रकांड विद्‌वान थे। उन्होंने गीता के महान टीकाकारों की टीकाएँ पढ़ी हुई थीं। ज्ञानी को अपने ज्ञान और पंडित को अपने पांडित्य का थोड़ा-बहुत अहंकार तो होता ही है। सो, नाना को भी रहा होगा। अहंकार आध्यात्मिक उन्नति में अवरोधक होता है। तुम नहीं चाहते थे कि उनमें अहंकार का कणांश भी रहे। तुम उनका हित चाहते थे।

नानासाहेब श्लोक पढ़ते-पढ़ते रुक गए। कुछ सोचा; फिर बोले, ''बाबा! यह संस्कृत है। मैं गीता के एक श्लोक का पाठ कर रहा हूँ।'' नाना अत्यंत विनम्र, विनीत सज्जन पुरुष थे; फिर भी उनके उत्तर में हल्का-सा अहंकार का स्वर था। मानो वे कहना चाह रहे थे कि



बाबा तो फ़क़ीर हैं, वे क्या जाने संस्कृत भाषा? तुम्हें गीता पढ़ते हुए कभी किसी ने देखा भी तो नहीं था। इसलिए नाना का ऐसा अनुमान लगाना स्वाभाविक भी था। किंतु वे यह ध्यान रखने में थोड़ा चूक गए कि तुम (बाबा) सर्वज्ञ हो। सर्वज्ञ के लिए क्या संस्कृत, क्या गीता! सब समस्त सृष्टि तुम्हारे उदर में समाई है। तुमने मुस्कुरा कर कहा, ''संस्कृत है तो क्या हुआ, नाना? श्लोक का भावार्थ थोड़ा मुझे भी तो समझाओ। मैं भी तो जानूँ।''

नाना विनयपूर्वक श्लोक का भावार्थ समझाते हुए बोले, ''बाबा! जो व्यक्ति भली-भाँति दंडवत् कर गुरु के चरणों में प्रणाम करता है, गुरु की सेवा करता है, आदरपूर्वक गुरु से प्रश्न पूछता है, तत्वदर्शी गुरु उसे तत्वज्ञान का उपदेश देते हैं। जहाँ तक मैं समझता हूँ, श्लोक का यही अर्थ है।'' इतना कह कर वे चुप हो गए। तब तुमने कहा, ''यह तो ठीक है, नाना! अब ज़रा श्लोक की दूसरी पंक्ति में 'ते' और 'ज्ञान' शब्द हटा कर, उसके स्थान पर 'अज्ञान' शब्द लगा कर देखो कि क्या अर्थ निकलता है।''

नाना स्तब्ध रह गए। निःशब्द हो गए। बाबा ने तो श्लोक की शक्ल-सूरत बदल डाली। यह तो कौतुक ही हो गया! वे क्या उत्तर देते? किंतु ऐसा तो वही कर सकता है जिसे संस्कृत भाषा का प्रचुर ज्ञान और श्लोक रचने का शिल्प ज्ञान भी हो। वे मन ही मन सोचने लगे; किंतु कुछ कह न सके। उन्हें चुप देख कर तुमने कहा, ''नाना! ज्ञान तो स्वयं प्रकाशित है। उसका उपदेश करने का क्या अर्थ? वह अज्ञान से ढका रहता है। उपदेश तो अज्ञान का करना होगा। गुरु अज्ञान का आवरण हटा दे, तो ज्ञान अपने आप प्रकट हो जाएगा। माया-मोह का आवरण अज्ञान है। यह आवरण हटा दो, तो जो शेष बचेगा, वही ज्ञान है। ज्ञान शब्दातीत है। उसे कैसे समझाओगे? हाँ, अज्ञान वाणी का विषय अवश्य बन सकता है। अज्ञान समझाया जा सकता है। उसकी विवेचना की जा सकती है। जैसे शीशा धूल से ढका रहता है, वैसे ही अज्ञान ज्ञान को ढाके रहता है। काई जल पर पड़ी है; काई हटा दो, शुद्‌ध जल मिल जाएगा। गुरुकृपा से ही अज्ञान का हरण हो सकता है। गुरुकृपा पाने के लिए केवल गुरु को नमस्कार या गुरुसेवा करना ही पर्याप्त नहीं है; गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण चाहिए। ज्ञानी अपने ज्ञान के अहंकार के कारण अज्ञान के

अंधकार में खो जाता है, मार्ग भटक जाता है, जब कि एक अज्ञानी भक्त अपने सीधे-सरल, निष्कपट, अनन्य प्रेम-भक्ति के भाव से ज्ञान को प्राप्त होता है। इसीलिए भक्ति, अनन्य भक्ति, पूर्ण समर्पण ही गुरुकृपा, शुद्ध ज्ञान और श्री हरि के चरणों में स्थान पाने का एकमात्र साधन है। यही एक उपाय है मनुष्य की मुक्ति का; अन्य और कोई उपाय नहीं।''

साईंनाथ! तुम भगवद्गीता के उस गूढ़ श्लोक की व्याख्या कर रहे थे और नानासाहेब चाँदोरकर अवाक् एक अबोध बालक की भाँति यंत्रवत् तुम्हें सुन रहे थे। मसजिद में बैठे अन्य भक्तों का भी यही हाल था। वे भी मूर्तिवत् तुम्हारी ओर निहार रहे थे और तुम्हारे मुख से झरती अमृत वाणी का आनंद ले रहे थे। उस दिन सबके लिए तुम्हारा वह एकदम नया रूप था। मानो ज्ञानदेव, ज्ञानेश्वर अथवा माता भगवती स्वयं मसजिद में आकर अपनी वाणी से भगवान् श्री कृष्ण की वाणी का भावार्थ समझा रही हों। गीता के उस श्लोक की ऐसी टीका, ऐसा भाष्य, ऐसा भावार्थ पहले कभी किसी ने नहीं किया था। इससे पहले भक्तों ने तुम्हें लीलाएँ करते देखा था। छुटपुट, मनोरंजक, किंतु गूढ़ किस्से-कहानियाँ सुनाते सुना था। गीता-पुराण जैसे गंभीर दार्शनिक विषय पर व्याख्यान देते कभी न सुना था। सब विस्मय और आनंद-विभोर होकर सुन रहे थे और मन ही मन सोच रहे थे कि तुम्हें (बाबा को) संस्कृत का ज्ञान कैसे, कहाँ से हुआ? तुमने गीता कब पढ़ी? आदि... आदि...

अब तक नानासाहेब चाँदोरकर का संस्कृत और गीता ज्ञान का अहंकार चूर-चूर हो चुका था। उन्होंने दोनों हाथ जोड़ कर तुम्हें प्रणाम किया और अपना मस्तक तुम्हारे चरणों में रख कर कहा, ''हे साईंनाथ! हमें केवल ज्ञान न दो; हमारा समस्त अज्ञान समूल नष्ट कर दो! आप ही हमारे राम-कृष्ण, सच्चिदानंद सद्गुरु हैं। हम आपकी शरण में हैं।

**साईंनाथ, हर दे**
**महामोह संशय हर दे**

**हमें भरोसा तुम पर**
**ना है तुम-सा दुख हर**
**रोग शोक जीवन के**
**सकल दहन कर दे**

**साईंनाथ, हर दे**
**महामोह संशय हर दे**

**तुम ही नाथ सहारे**
**फिर हम किसे पुकारें**
**पाप कलुष जनमों के**
**चक्की में दल दे**

**साईंनाथ, हर दे**
**महामोह संशय हर दे**

**जो भी तुमको ध्याए**
**फल चारों वो पाए**
**खुलें दरीचे सुख के**
**तेरे ही दर से**

**साईंनाथ हर दे**
**महामोह संशय हर दे**

हे ज्ञानेश्वर साईं! मुरलीधर भी तुम ही हो! मुरलीधर के आसन पर विराजमान होने के खेल की शुरुआत तो शिर्डी में तुम बहुत पहले ही कर चुके थे। किंतु किसी को भनक तक न लगी कि बूटी वाड़ा और वाड़े में मुरलीधर के जिस मंदिर का निर्माण हो रहा था, वह वास्तव में तुम अपने लिए ही बनवा रहे थे, सदियों तक भक्तों के सुखानंद और कल्याण के लिए!


सुनाऊँ वह कथा, महाराज?

नागपुर के श्रीमंत बापूसाहेब बूटी, तुम्हारे परम भक्त थे। वे अक्सर शिर्डी आते, तो शिर्डीवासी अपने मित्रों के वाड़े (घर) में ठहरते थे; इसलिए बहुत दिनों से मन में सोच रहे थे कि शिर्डी में अपना एक निजी आवास (वाड़ा) बनवाएँ। तुमने उनके मन की बात जान ली। एक रात, दीक्षित वाड़ा में सोते हुए उन्होंने सपना देखा कि तुम उनसे शिर्डी में अपना एक वाड़ा बनाने के लिए कह रहे हो। नींद खुली तो वे बहुत प्रसन्न हुए। प्रसन्न तो होना ही था! तुमने सपने में उन्हें वाड़ा बनाने की आज्ञा देकर उनकी मनोकामना जो पूरी कर दी थी! उन्हें इसी की तो प्रतीक्षा थी कि बाबा की आज्ञा हो, तो वाड़ा बने। बापूसाहेब यह शुभ समाचार देने के लिए दीक्षित वाड़ा के दूसरे हिस्से में सो रहे माधवराव देशपांडे (शामा) के पास पहुँचे। शामा

नींद मे फफक-फफक कर रो रहे थे। बापूसाहेब यह देख कर थोड़ा चौंके। फिर उन्हें जगाया। शामा हड़बड़ा कर उठ बैठे। उनकी आँखों से आँसू बह रहे थे। बापूसाहेब ने रोने का कारण पूछा, तो शामा ने कहा, ''अभी-अभी मैंने सपना देखा कि बाबा शिर्डी में वाड़ा बनाने के लिए कह रहे हैं; और कह रहे हैं कि एक मंदिर भी बनाना, जहाँ से वे अपने भक्तों की इच्छाएँ पूरी करेंगे। मैं बाबा के वचन सुन कर भावविभोर हो गया और रोने लगा। मेरा गला रुँध गया। तभी आपने आकर जगा दिया।''

यह सुन कर बापूसाहेब चकित रह गए; आनंदित भी हुए। दोनों ने एक जैसा सपना देखा था। उन्हें दृढ़ विश्वास हो गया कि अवश्य वह बाबा का स्पष्ट संकेत था। तुमने उनकी मनोकामना पर अपनी आज्ञा और अनुमति की मुहर लगा दी थी। फिर क्या था! दोनों मिल कर तुम्हारे पास आए। शामा ने तुमसे कहा, ''देवा! आप तो चैन से सोने भी नहीं देते; सपने में भी आकर हमें परेशान करते हैं।'' तुमने अपने कानों पर हाथ रख कर कहा, ''शामा! कुछ भी मत बोल; मुझे क्या पड़ी है कि किसी को परेशान करने के लिए उसके सपनों मे घुसूँ? मैं तो अपने ठिकाने पर रहता हूँ, यहीं, इसी मसजिदमाई में। शिर्डी छोड़ कर कहीं जाता भी नहीं।''

अरे साईंनाथ! तुम बड़े नटखट हो! नटखट नंदलाला!



गोपालकाला! समस्त चराचर ब्रह्मांड में घूमते-फिरते हो और कहते हो कि एक ही ठिकाने पर रहते हो। मैं ही क्या, शामा भी यह जानते थे। बापूसाहेब बूटी भी जानते थे; किंतु बोले कुछ नहीं। इसके बाद बापूसाहेब ने तुम्हारे सामने अपने वाड़े की योजना रखी और तुम्हारी अनुमति माँगी। तुमने तुरंत अपनी अनुमति दे दी। तैयारी ज़ोर-शोर से शुरू हो गई। शामा ने भी बूटी वाड़ा के निर्माण में जी-जान से सहयोग किया। भूतल मंज़िल और तहख़ाना उन्हीं के हाथों बना। तुम (बाबा) लेंडीबाग जाते-लौटते हुए उस बनते-सँवरते भवन का बारीकी से निरीक्षण करते थे। बीच-बीच में अपनी सलाह भी देते रहते। यहाँ, यह बनाओ! वहाँ, वह बनाओ! इधर खिड़की लगाओ! उधर दरवाज़ा लगाओ! गलियारा ज़रूर बनाओ; उसके बिना वाड़े की शोभा नहीं बनेगी। ऐसा लगता था जैसे बापूसाहेब बूटी का नहीं, तुम्हारा अपना वाड़ा बन रहा हो! सच तो यही था; किंतु किसी को संदेह न हुआ।

इसी दौरान बापूसाहेब के मन में विचार आया कि वाड़े में एक मंदिर, मंदिर में मुरलीधर श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापित होनी चाहिए। इसके बिना वाड़ा अधूरा रहेगा। विचार तो आया, किंतु बापूसाहेब तुम्हारी (बाबा की) आज्ञा और अनुमति के बिना कभी कोई काम न करते थे। उन्होंने शामा से तुम्हारी आज्ञा लेने के लिए कहा। शामा ने बापूसाहेब की योजना तुम्हें बताते हुए तुमसे अनुमति माँगी। तुमने तुरंत अपनी अनुमति देते हुए प्रसन्न होकर कहा, ''बनाओ, बनाओ, मंदिर बनाओ! अपुन सब वहीं रहने जाएँगे। भजन-कीर्तन करेंगे। हम सब के काम आएगा मंदिर, वाड़ा। हम सब साथ रहेंगे, बोलेंगे, खेलेंगे, प्रेम से एक दूसरे को गले लगाएँगे और आनंद करेंगे।'' शामा ख़ुश होकर बोले, ''तो फिर, महाराज, शुभ मुहूर्त हो, तो नारियल फोड़ दूँ?'' तुमने एक क्षण की भी देर किए बिना कहा, ''फोड़, फोड़, शामा! फोड़ दे नारियल!''

शामा, यानी माधवराव देशपांडे ने नारियल लाकर फोड़ दिया।

जय हो, साईंनाथ! जय हो! तुम्हारी जय हो! एक लीलाधर हुआ, द्वापर में; दूसरे लीलाधर हुए तुम, कलयुग में। सब लीला तुम्हारी, पर किसी ने न जानी। तुम्हारे उन वचनों के आशय का किंचित भी आभास किसी को न हुआ। वाड़ा बन गया। मंदिर भी बन गया।

किंतु मुरलीधर श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापित न हो सकी। तुम अचानक बीमार पड़ गए। बीमारी तो बहाना थी। तुम्हें तो देह छोड़ कर जाना था। उसी बूटी के वाड़े में आना था। बूटी वाड़ा तुम्हारा समाधि मंदिर बनना था। मुरलीधर श्री कृष्ण की मूर्ति के स्थान पर मुरलीधर साईं को स्थापित होना था। वही हुआ।

तुम्हें याद है न, बाबा? अंतिम क्षणों में अंतिम साँस छोड़ने से पहले तुमने अपने भक्तों से कहा था, ''अब मुझे मसजिदमाई में अच्छा नहीं लगता। मुझे बूटी के वाड़े में ले चलो! वही हुआ, यथा तुम चाहते थे। अन्यथा, कैसे हो सकता था? भक्तों ने तुम्हारा पार्थिव शरीर वहीं रखा, जहाँ मुरलीधर श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापित होनी थी। आज हम जिस समाधि मंदिर में जाकर तुम्हारी नयनाभिराम मूर्ति का दर्शन करते हैं, समाधि पर माथा टेकते हैं, वह परम सौभाग्यशाली बापूसाहेब बूटी का वाड़ा ही तो है!

साईंनाथ! तुम्हारे सान्निध्य में जो भी आया, सँवर गया। लोहा भी सोना हो गया। तुम्हारी कृपा हो, दया दृष्टि हो, तो कूड़ा-कचरा, गड्ढा और घूरे के दिन भी पलट जाते हैं। फिर, हम मनुष्यों की बिगड़ी क्यों न बनेगी भला!

**बिगड़ी सबकी बन गई,**
**साईं प्रभु के नाम से**
**नैया मेरी तर गई**
**साईं के गुणगान से**

**म्हालसापति की बन गई**
**हेमाड कवि की बन गई**
**दासगणू की भी बनी**
**साईं कीरत गान से**

**बिगड़ी सबकी बन गई...**

**शामा जी की बन गई**
**तात्या की भी बन गई**
**बूटी मेघा की बनी**
**साईं करुणा दान से**

**बिगड़ी सबकी बन गई...**

*(पृष्ठ ५१ पर)*



# Shirdi Sai Baba's Healthsome Daily Regimen :

## A Holistic Tapestry of *Yogic*, *Vedic* and Spiritual Living

**"He who practises my teachings with sincerity and faith, him I shall protect always - this is my vow."**

**- Shree Sai Satcharita Ch. 3**

### The Silent Blueprint of Well-being

The radiant figure of Sai Baba of Shirdi is often remembered as a *Sadguru*, a healer and an all-knowing *fakir* (mendicant), who transcended



religious boundaries. But, less explored - and equally profound - is the healthsome daily regimen He followed, subtly teaching humanity, how to harmonize body, mind and soul.

Without articulating it as 'wellness' or '*yoga*', Baba lived a life in line with the ancient **ṛta -** the cosmic order reflected in daily conduct. This article aims to excavate those delicate rhythms, quoting from the Shree Sai Satcharita, and weaving in *Vedic* and *Puranic* allusions to show how Sai Baba's life was itself a sacred *sādhanā* (austerity i.e. *tapasya*).

### Baba's Dawn : Inner Awakening before Sunrise

Sai Baba often arose before daybreak, indicating His alignment with *Brahma-muhūrta*, the time most conducive to meditation and spiritual




reflection.

*Vedic* Parallels :

**''प्रात: स्मरणं पवित्रं प्रात: जपो हि वै तप:''**

(Pātañjala Smṛti)


"The remembrance of God

at dawn is purest; early morning recitation yields the fruits of austerity (*tapasya*)."

"Baba got up early in the morning, went to the Lendi, and sat under the Neem tree."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 5


Lendi Baug got its name from a




river (actually a drain), named 'Lendi', which used to flow there earlier. Lendi Baug is the place, where Sai Baba used to go for a stroll in the mornings and afternoons each day, and water the plants in the garden. He used to relax under a Neem tree, located here. The Lendi Baug itself was a space of subtle *yogic* energies. Sitting



beneath the Neem tree - associated with medicinal purity - Baba entered



into silent meditation. His early hours suggest *dhyāna*, *prāṇāyāma* and *mantrajapa* were part of His inner discipline.

**The *Dhuni* : Fire as Inner and**



## Outer Purifier

At the heart of Sai Baba's life was the ever-burning *Dhuni*, the sacred fire in His Dwarkamai.

"Baba maintained a *Dhuni*, and gave *Udi* to devotees, which cured both physical and spiritual ailments."

- Shree Sai Satcharita, Chs. 3-4

*Puranic* Resonance :

**अग्नि देवतानां प्रमुखः, पावकः स्मृतः।**

*Agniḥ devatānāṃ pramukhaḥ, pāvakaḥ smṛtaḥ*

(Agni Purāṇ)


"Among all Deities, Fire is the foremost purifier."

**सभी देवताओं में अग्नि सबसे प्रमुख और पवित्र करने वाली है।**



Just as *Agni* purifies offerings, and consumes impurities, Baba's *Dhuni* symbolized the burning away of *karma*, disease and mental clutter. The *Udi* or sacred ash, was not mere





dust, but, *vibhūti* - the residue of sacrifice, of transformation.

**The *Fakir*'s Transcendent Form : *Yogic* Mastery beyond Mortal Limbs**

The divine mystery of Sai Baba's physical being was never subject to ordinary human logic. He often appeared as a humble *fakir* in Dwarkamai, but there were rare, unsettling moments, when His *yogic* command over the body revealed the sacred truth - that He was *deha-dhurandhar*, a master of the body as an instrument of divine play.

"Once, a gentleman went to the *Masjid*, and saw the limbs of Baba lying separately at separate places… He thought, Baba had been hacked to pieces and murdered. But, the next day, to his utter surprise, he found Baba hale and hearty as before."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 7

This was no dream. What the man saw was the direct result of Baba's *yogic siddhi* - the ability to control, disassemble and reassemble bodily form at will. Such incidents are rare, but they echo the *tantric* and *yogic* legends of ancient sages, who, through *ṣaṭcakra-sādhana*, gained control over the *pancha mahābhūta* - the five elements of the body.

**योगिनः पश्यन्ति रूपाणि बहून्येकस्य देहिनः।**

(Nāradīya Tantra)

"*Yogis* perceive many forms arising from one embodied self."

**योगी एक शरीर से अनेक रूपों को प्रकट करते हैं।**

Baba's *dehābhās* or the illusion of fragmented limbs, was a glimpse into such a *siddhi* - where consciousness becomes free from bodily limitation. This was not an occult display, but a silent assurance to the world that He was :

**योगिविदां वर** - "The foremost among knowers of *yoga*."

Hemadpant affirms in the same chapter :

"Baba practised *yoga* since His infancy, and nobody knew or guessed the proficiency, He had attained."

This line suggests not just casual acquaintance with *yogic* practices, but lifelong mastery, silently hidden beneath the facade of *fakiri* and compassion.

**अय देहः क्षेत्रं योगसाधनाय।**

(Yogavāsiṣṭha)

"This body is a sacred field for the cultivation of *yoga*."

**यह शरीर योग–साधना के लिए एक पवित्र क्षेत्र है।**

Sai Baba's body was not bound by mortality, but functioned as a vehicle of conscious will. He had become the *śarīra-siddha*, the one, who ruled from within - unseen, yet present.

**नाहं देहो न मे देहो जीवोऽहं शिव एव तु।**


(Shiva Gītā)

"I am not the body, nor does the

body belong to me. I am the living essence - I am Shiva."

मैं शरीर नहीं हूँ, और न यह शरीर मेरा है। मैं चैतन्य आत्मा हूँ – मैं स्वयं शिव हूँ।

This vision - of limbs lying separately, yet Baba alive the next morning - is a cosmic whisper : He was not confined to any form, yet He



pervaded all forms.

यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया। यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति।।

(6.20 from the Bhagvad Geeta)

"When the mind, restrained by the practice of *yoga*, becomes still, and when, through that stillness, one beholds the Self by the Self, and is content in the Self".

**Simplicity of Food : *Sattvic* Diet and *Annadāna***

Baba's meals were simple,



sometimes prepared by Himself, other times offered by devotees. He often cooked for others, putting His love into every morsel.

"He cooked food, served it to all - dogs, birds and devotees alike."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 38

"Sometimes, He would take curd



and rice, sometimes nothing at all."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 24

*Upanishadic* View :

अन्नं ब्रह्मेत्युपासीत।

(Taittirīya Upaniṣad 3.2)


"Food is verily *Brahman*."

अन्न ही ब्रह्म है – ऐसी उपासना करनी चाहिए।

His practice of *mitāhāra* (moderate eating), *annadāna* and *sattvic* consumption, created a living



demonstration of holistic digestive



and energetic health.

**Walking Through Shirdi : The Pilgrim's Gait**

Sai Baba took long daily walks, visiting groves, the well, devotees' homes, and even the outskirts of Shirdi.

"He roamed around the village, blessing people by His presence..."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 4

This dynamic ambulation was both physical exercise and sacred *darśana* for villagers. Like a peripatetic philosopher-saint, Baba kept His body engaged and His heart open.

**नित्ययुक्तो यतात्मा च भक्तिमान् मे प्रिय: नर:।**

(Bhagvad Gītā 12.14)

"Ever-engaged, self-restrained and devoted - such a person is dear to me."

**जो सदा संलग्न, संयमी और भक्तिमान् है – वह मुझे प्रिय है।**


**Night and Rest : *Yogic* Stillness in Simplicity**

Baba never sought comfort in beds or luxurious bedding. He slept on a wooden plank hung from the ceiling.

"Baba used to sleep on a plank suspended with torn cloth strings."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 10

This lifestyle echoes the *Vedic* ideal of *aparigraha* (non-possession) and *vairāgya* (detachment), practiced not in wilderness, but in the midst of



the world.

यः शय्यां सुखमत्यज्य परं सुखमवाप्नुयात्।

(Manu Smṛti)

"He who forsakes bodily comfort finds the supreme comfort."

जो सुखद शैय्या का त्याग करता है, वही परम सुख को प्राप्त करता है।

**The Regimen as *Rasa* : A Sacred Rhythm of *Bhakti-Yoga***

Baba's day was steeped in *bhajan*, *parāyaṇa* (scripture reading), *naam smaraṇa*, and listening to sacred texts.

"He loved to hear the Ramayan, Bhagavata and Harikatha..."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 3

His daily rhythm combined *karma yoga* (service), *jñāna yoga* (inner awareness) and *bhakti yoga* (devotion) - offering a complete template for *ārogya* (health) and *mokṣa* (liberation).

**Contemporary Reflections : A Prescription for Today's World**

Sai Baba's life offers a template of well-being more relevant today than ever :

Early rising for silence and clarity.

Daily inner fire (meditation/ prayer).

Clean diet and conscious cooking.

Physical movement not for vanity, but for sanctity.

Self-restraint and minimalism.

A life infused with compassion and divinity.

Such a regimen is not merely 'healthy' - it is sacred, *sattvic* and Sāī*may*.

**Conclusion : The Health of the Saint is the Health of the World**

Sai Baba's healthsome regimen was neither ritualistic nor rigid. It was a fluid dance of compassion, inner mastery and divine spontaneity.

To follow even a part of this regimen is to invite grace into one's breath, discipline into one's limbs, and love into one's every act.

"He who thinks Baba to be only a human being has lost his way; Baba is beyond body, beyond death."

- Shree Sai Satcharita, Ch. 3

**- Prof. Dr. Subodh Agarwal**
'Shirdi Sai Dham',
29, Tilak Road, Dehra Dun - 248 001
(Uttarakhand).
E-mail :
**professorsubodhagarwal@gmail.com**
Mobile : **(0)9897202810**

# भक्त बुलाते हैं... साईं पधारते हैं!



श्री साईं बाबा का अनमोल वचन, "सबका मालिक एक है" उनकी दिव्य दृष्टि और उनके भक्तों के प्रति उनकी अनंत प्रेम की भावना को दर्शाता है। भक्त उन्हें बुलाते हैं और बाबा उनका न्योता स्वीकार कर वहाँ पहुँच जाते हैं। उनकी कृपा से भक्तों के जीवन में सुख और शांति बनी रहती है। बाबा की कृपा और उनके भक्तों के प्रति उनकी अनंत प्रेम की लीलाएँ ऐसी अद्‌वितीय और पवित्र गाथाएँ हैं, जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं।

श्री साईं बाबा की शिक्षाएँ हमें सिखाती हैं कि हम सभी एक हैं और हमें एक दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति के साथ व्यवहार करना चाहिए। उनकी कृपा और आशीर्वाद से भक्तों के जीवन में सुख और शांति आती है। उनकी शिक्षाएँ और अनुभव आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं तथा उनके अद्‌भुत अनुभव आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं।

श्री साईं बाबा का जीवन एक ऐसी अद्‌वितीय मिसाल है, जो हमें यह भी सिखाता है कि ईश्वर की भक्ति और मानवता की सेवा से ही मनुष्य का जीवन सार्थक हो सकता है। उनकी शिक्षाएँ बहुत ही सरल और सीधी हैं। उन्होंने हमेशा भक्ति, प्रेम और सेवा के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति करने से



ही मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है।

श्री साईं बाबा के भक्त उन्हें बहुत प्यार करते थे और उनकी कृपा की कामना करते थे। जब भी कोई भक्त उन्हें बुलाते थे, बाबा तुरंत किसी न किसी रूप में उनके पास पहुँच जाते थे। उनकी कृपा और प्रेम से भक्तों की मनोकामनाएँ पूरी हो जाती थीं। बाबा के चमत्कारों की लीलाएँ आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं। उन्होंने अपने भक्तों की इच्छाएँ पूर्ण की और उनका समाधान किया। उनकी कृपा से असंभव भी संभव हो जाता था। बाबा की विरासत आज भी विद्यमान है। उनके भक्त उनकी शिक्षाओं का पालन करते हैं और उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलते हैं। उनकी कृपा और प्रेम से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।

श्री साईं बाबा की कृपा और चमत्कार की गाथाएँ अनगिनत हैं। हम श्री साईं सत् चरित के ५वें अध्याय में पढ़ते हैं कि बाबा ने किस प्रकार धूपगाँव (ज़िला छत्रपति संभाजीनगर (उस समय औरंगाबाद), महाराष्ट्र राज्य) के ग्रामाधिकारी चाँद पाटील के न्योते का स्वीकार कर उसके गाँव जाकर उसका घर पावन किया। यहाँ वे स्वयं पधारे थे, तो इसी चरित्र में अन्यत्र पढ़ने को मिलाता है कि बाबा भक्तों के बुलाने पर उनको दिए आश्वासन के मुताबिक किस प्रकार किसी न किसी रूप में उन्होंने बुलाए स्थान पर पधारे।...


बालासाहेब विश्वनाथराव देव की यह एक ऐसी गाथा है, जिसमें उन्होंने बाबा को अपने घर पर आयोजित उद्यापन कार्यक्रम में आमंत्रित किया। बाबा ने अपने भक्त का न्योता सुन कर उसे आश्वस्त किया कि वे दो अन्य व्यक्तियों के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे... और वास्तव में, बाबा ने अपने वचन को पूरा करते हुए एक संन्यासी के रूप में भक्त के घर पर पहुँच कर भोजन किया।

बालासाहेब देव की माता जी ने व्रत के पश्चात् उद्यापन कार्यक्रम में भोज का आयोजन किया। बालासाहेब ने शिर्डी में बापूसाहेब जोग को पत्र में उद्यापन के लिए एक निश्चित तिथि लिखते हुए प्रार्थना की कि वे उनकी ओर से श्री साईं बाबा को उद्यापन और भोज में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए उनसे प्रार्थना करें कि उनकी अनुपस्थिति में समारोह अपूर्ण ही रहेगा। इसलिए वे डहाणू ज़रूर पधार कर कृतार्थ करें। जब बापूसाहेब ने बाबा को श्री देव का उक्त पत्र पढ़ कर सुनाया, तो बाबा ने इसे ध्यानपूर्वक सुन कर कहा, ''जो मेरा स्मरण करता है, उसका मुझे सदैव स्मरण रहता है। मुझे यात्रा के लिए कोई भी साधन - गाड़ी, ताँगा या विमान की आवश्यकता नहीं है। मुझे तो जो प्रेम से पुकारता है, उसके सम्मुख मैं अविलंब प्रकट हो जाता हूँ।''

श्री साईं बाबा ने बापूसाहेब जोग से यह भी कहा कि उसे एक सुखद पत्र भेज दो कि वे दो व्यक्तियों के साथ उद्यापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। बालासाहेब देव को यह पत्र मिलने पर बड़ी प्रसन्नता हुई; लेकिन उनको यह भी भली-भाँति मालूम था कि बाबा शिर्डी के निकटवर्ती तीन ग्राम - राहाता, रूई एवं नीमगाँव के



अलावा अन्य कहीं भी नहीं जाते हैं। लेकिन, फिर भी उन्होंने सोचा कि उनके लिए क्या असंभव है? वे सर्वव्यापी हैं और उनका जीवन चमत्कारों से भरा हुआ है तथा वे किसी भी वेश में अचानक ही प्रकट होकर अपने वचन को पूरा कर सकते हैं।



उद्यापन कार्यक्रम के कुछ दिनों पूर्व एक संन्यासी बंगाली वेशभूषा में डहाणू स्टेशन पर आया। वह देखने में ऐसा लगता था, जैसे गौरक्षा संस्था का स्वयंसेवक है। उसने स्टेशन मास्टर के पास जाकर उससे चंदा देने के लिए अनुरोध किया। उसी समय बालासाहेब देव भी वहाँ आ गए। बालासाहेब ने चंदे की चर्चा सुन कर उस संन्यासी से कहा कि डहाणू के एक प्रमुख व्यक्ति ने धार्मिक कार्यों के लिए चंदा एकत्र करने की एक नामावली तैयार की है। इसलिए अब दूसरी नामावली बनाना उचित नहीं होगा। अच्छा यही होगा कि आप दो-चार महीने के बाद पुनः दर्शन दें। संन्यासी यह सुन कर वहाँ से चला गया।

वह संन्यासी एक महीने के बाद बालासाहेब देव के घर के सामने ताँगे से उतरा, तो बालासाहेब ने उसे देख कर सोचा कि यह संन्यासी चंदा माँगने के लिए ही आया है। लेकिन, संन्यासी ने बालासाहेब के विचार को जान कर कहा, ''श्रीमान्, मैं चंदे के लिए नहीं, बल्कि भोजन करने के लिए आया हूँ।'' तब बालासाहेब ने संन्यासी से कहा, ''बहुत आनंद की बात है, आपका सहर्ष स्वागत है।'' संन्यासी ने कहा कि उसके साथ दो बालक और हैं। तब बालासाहेब ने कहा, ''कृपया उन्हें भी साथ ले आइए! भोजन में अभी दो घंटे का विलंब है। यदि आज्ञा हो तो किसी को उनको बुलाने के लिए भेज दूँ?'' संन्यासी ने कहा, ''आप चिंता न करें, मैं निश्चित समय पर उपस्थित हो जाऊँगा।'' बालासाहेब ने उनसे भोजन के लिए दोपहर में पधारने हेतु प्रार्थना की। वह संन्यासी दो बालकों के साथ ठीक १२ बजे पुनः आकर भोज में शामिल हुआ और भोजन करने के उपरांत बालकों सहित वहाँ से चला गया।

बालासाहेब देव ने उद्यापन समारोह समाप्त होने पर दोषारोपण करते हुए श्री साईं बाबा पर वचन भंग करने का आरोप लगा कर बापूसाहेब जोग को पत्र लिखा। बापूसाहेब पत्र को लेकर बाबा के पास गए। लेकिन, बाबा ने पत्र को पढ़ने से पहले ही कहा, ''अरे, मैंने वहाँ जाने का वचन दिया था, तो उसे कोई धोखा नहीं दिया। उसे सूचित करो कि मैं अन्य दो बालकों के साथ भोजन में उपस्थित था। परंतु, जब वह मुझे पहचान ही नहीं सका, तब उसने निमंत्रण देने का कष्ट ही क्यों उठाया? उसे लिखो कि उसने सोचा होगा कि वह संन्यासी चंदा माँगने आया है? क्या मैंने उसका संदेह दूर नहीं कर दिया था कि दो अन्य व्यक्तियों के साथ मैं भोजन के लिए आऊँगा और क्या वे त्रिमूर्तियाँ ठीक समय पर भोजन में सम्मिलित नहीं हुईं? देखो! मैं अपना वचन पूर्ण करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दूँगा। मेरे शब्द कभी असत्य नहीं निकलेंगे।''

श्री साईं बाबा के इस उत्तर से बापूसाहेब जोग को अत्यधिक प्रसन्नता हुई और उन्होंने उपर्युक्त उत्तर बालासाहेब देव को लिख कर भेज दिया। बालासाहेब ने जब इस पत्र को पढ़ा, तब उनके नेत्रों से आँसू प्रवाहित होकर स्वयं पर क्रोध भी आया कि उन्होंने बाबा पर व्यर्थ ही दोषारोपण क्यों किया? बालासाहेब को आश्चर्य हुआ कि उन्होंने संन्यासी, जो चंदा माँगने आया था, की पूर्व यात्रा से कैसे धोखा खाया और वे संन्यासी के इन शब्दों का अर्थ भी नहीं समझ सके – ''अन्य दो व्यक्तियों के साथ भोजन पर आऊँगा।''

इस कथा से विदित है कि जब भक्त अनन्य भाव से सद्गुरू की शरण में आता है, तभी उसे अनुभव होता है कि उसके सभी धार्मिक कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ होकर बिना किसी रुकावट या बाधा के संपन्न हो जाते हैं।

इस गाथा से हमें यह भी सीखने को मिलता है कि श्री साईं बाबा की कृपा हमेशा अपने भक्तों के साथ रहती है और वे हमेशा उनकी मदद के लिए तैयार रहते हैं। बाबा की सर्वव्यापकता और उनकी भक्तों के प्रति कृपा का यह अद्भुत उदाहरण हमें उनकी महिमा को समझने में मदद करता है और चमत्कार की यह गाथा हमें उनकी शरण में जाने एवं उनकी कृपा का अनुभव करने के लिए भी प्रेरित करती है।

श्री साईं बाबा का कहना था – ''यदि तुम श्रद्धापूर्वक मेरे सामने हाथ फैलाओगे, तो मैं सदैव तुम्हारे साथ रहूँगा। यद्यपि मैं शरीर से यहाँ हूँ, परंतु मुझे सात समुद्रों के पार भी घटित होने वाली घटनाओं का पूर्ण ज्ञान है। मैं तुम्हारे ह्रदय में विराजमान, तुम्हारा अंतःकरण ही हूँ। जिसका तुम्हारे तथा समस्त प्राणियों के ह्रदय में वास है, उसकी ही पूजा करो! धन्य और सौभाग्यशाली वही है, जो मेरे सर्वव्यापी स्वरूप से परिचित है!''

श्री साईं बाबा की कृपा और सर्वव्यापकता का एक अन्य अद्भुत उदाहरण यह है कि जब उन्हें नागपुर और ग्वालियर में उपनयन संस्कार और शादी समारोह में

शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया, तो उन्होंने अपने भक्तों को शामा (माधवराव देशपांडे) को अपने प्रतिनिधि के रूप में ले जाने के लिए कहा। लेकिन, भक्तों ने बाबा से ही समारोह में पहुँच कर आशीर्वाद देने की प्रार्थना की।

साईं बाबा ने कहा कि वे बनारस और प्रयाग निकल जाने के पश्चात् शामा से पहले ही पहुँच जाएँगे। और वास्तव में, बाबा ने अपने वचन को पूरा करते हुए गया में एक पुजारी के घर पर अपना चित्र लगवा कर अपनी सर्वव्यापकता और वहाँ पहुँचने का सशक्त प्रमाण







दिया।

वास्तव में, श्री साईं बाबा सर्वव्यापक एवं अनंत हैं तथा वे अपने भक्तों पर अपार स्नेह रख कर हर समय उनके साथ रहते हैं। इस गाथा से हमें बाबा की सर्वव्यापकता और उनकी भक्तों के प्रति कृपा का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है।


काकासाहेब दीक्षित ने नागपुर में अपने ज्येष्ठ पुत्र के उपनयन संस्कार में श्री साईं बाबा को शामिल होकर आशीर्वाद देने के लिए प्रार्थना की। नानासाहेब चाँदोरकर ने भी उसी समय अपने ज्येष्ठ पुत्र की शादी ग्वालियर में करने का निश्चय किया और उन्होंने भी आदर सहित बाबा को समारोह में शामिल होने के लिए प्रार्थना की। बाबा ने शामा (माधवराव देशपांडे) को अपने प्रतिनिधि के तौर पर उक्त दोनों समारोह में ले जाने के लिए कहा। लेकिन, जब काकासाहेब एवं नानासाहेब ने बाबा को स्वयं पधारने के लिए प्रार्थना की, तब बाबा ने उनसे कहा, ''बनारस और प्रयाग निकल जाने के पश्चात् मैं शामा से पहले ही पहुँच जाऊँगा।''

यहीं से मेरी ज़िंदगी में उथल-पुथल होना शुरू हो गया। एक के बाद दूसरी, तिसरी, बैंकों से क़र्ज़ लेना शुरू हो गया। क़र्ज़ा लाखों में हो गया। क़िश्त भरने में मेरी असमर्थता। बैंकों के नोटिस। इन बातों से मैं विचलित हो उठा; टूट-सा गया। मुसीबतें बढ़ने लगीं। जो तनख़्वाह आती थी वह क़िश्तों को भरने जाने लगी। थोड़े ट्यूशन्स मिले, उन्हीं में मेरा गुज़र-बसर होता था। चारों ओर से नाकामी और मायुसी मिल रही थी। उस वक़्त ब्राईट स्कूल के मालिक जयेन्द्र भाई और उनके छोटे भाई महेन्द्र भाई कभी-कभी आर्थिक सहाय किया करते थे। दोनों भाईयों से मेरी दोस्ती बढ़ने लगी। महेन्द्र भाई तो मेरे ख़ास मित्र बन गए। आज भी हमारी यारी बरक़रार है। पूजा ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त कर ली। पूजा के बाद पार्थ भी कॉलेज में आ गया। मेरे हालात बद से बदतर होते गए। मगर इस बात की तस्सली थी कि पूजा-पार्थ स्नातक हो गए।

पता नहीं था कि दौर कश्मकश कब होगा। पूजा नौकरी करने लगी। थोड़ी राहत हुई। मगर, कब तक पूजा साथ देगी, यह सवाल मेरे ज़ेहन में बार-बार उठ रहा था।

इस बीच मैं आपको बता दूँ कि साईं ने मेरी नाव का नाखुदा बना कर एक महान हस्ति को मेरी ज़िंदगी में भेजा। वे हैं बॉलीवुड के मशहूर पार्श्वगायक मनहर जी उधास। मनहर जी गुजराती एवं हिंदी ग़ज़लों के गायक हैं। उन्होंने ४०० से अधिक फिल्मों में अभिताभ बच्चन, जैकी श्रॉफ से लेकर अक्षय कुमार जैसे नामवर अभिनेताओं के लिए गीत गाए हैं। इनमें हिरो, जाँबाज़, सौदागर, अभिमान जैसी फिल्में प्रमुख हैं। मुंबई के सर्वश्रेष्ठ २०० व्यक्तियों में उनका शुमार होता है। ऐसे गुणीजन मनहर जी ने मेरी १० गुजराती ग़ज़ले गाकर मुझे मेरे शहर में शोहरत दिलाई। धीरे-धीरे उनके साथ मेरा पारिवारिक जुड़ाव बढ़ता गया। जब भी वे गुजरात में शो करने आते हैं तब शो का संचालन करने का सौभाग्य मुझे मिलता है। मनहर जी की आवाज़ में गुजराती ग़ज़लों के ३५ अल्बम प्रकाशित हो चुके हैं। वे साईं बाबा के एकनिष्ठ उपासक हैं। उन्होंने पंडित के. राज़दान के साईं भजनों को अपनी मखमली आवाज़ दी है। ऐसी महान हस्ति से मिल कर मेरा तनावपूर्ण जीवन राहत महसूस करने लगा।

पूजा सयानी हो चुकी थी। उसकी शादी की चिंता



सताने लगी। आख़िरकार उसका विवाह तय हो गया। ६ महीने मेरे पास थे। शादी की तैयारियों की फेहरिस्त बनाई, तो ख़र्चा लाखों रुपयों का था। वक़्त गुज़रता गया। दिल की धड़कनें तेज़ होने लगीं। इसी बीच मैं कई बार शिर्डी जा चुका था। अबकी बार शिर्डी गया। मैंने बाबा के सामने सर झुका कर अश्रुपुरित आँखों से दुआ माँगी। मैंने बाबा से कहा कि आपकी बेटी की शादी है और मेरी झोली ख़ाली है। मेरी श्रद्धा की लाज रखना। बहुत रोया। बहुत गिड़गिड़ाया। बड़ौदा वापस आकर सबसे पहले मैंने अपनी आपबीती मनहर जी को सुनाई। उन्होंने कहा कि ज़रूरत पड़ने पर मैं पूजा की शादी के लिए बड़ौदा में ग़ज़ल संध्या का आयोजन करूँगा। आँसू निकल पड़े। उन्होंने कहा कि हर बेटी अपना भाग्य लेकर आती है। धीरे-धीरे मेरी आर्थिक तंगदिली की बात अज़ीज दोस्त महेन्द्र भाई तक पहुँची। महेन्द्र भाई ने शादी के लिए मुझे एक बहुत बड़ी सहायता की। एक शनिवार मैं एक बैंक में जा पहुँचा। मैनेजर को मैंने अपना हाल कह सुनाया। ना जाने कैसे उन्होंने मुझे बिना किसी गैरंटी एक लाख का लोन दिया। मदद मिलती गई। साईं का अदृश्य हाथ मेरे माथे पर था। सन् २००२ के दिसंबर महीने में पूजा की शादी तय हुई। रिश्तेदारों का जमावड़ा मेरे घर होने लगा। चार दिन तक पूजा की शादी का समारोह चला। मुंबई से मनहर जी और मिनू बेन भी आ गए। मनहर जी के आगमन का समाचार जान कर अख़बार वाले और स्थानीय टी.वी. चैनलों वाले उनका इन्टरव्यू लेने आ पहुँचे। मनहर जी ने उन सबको बताया कि मैं मेरे परम मित्र विनय भाई की बेटी की शादी में आया हूँ। आप मानोगे नहीं, जिस वक़्त पूजा का हस्तमिलाप हो रहा था, उस वक़्त चैनलों पर मनहर जी का इन्टरव्यू टेलीकास्ट हो रहा था। दूसरे शब्दों में कहे, तो पूजा की शादी की ख़बर पूरे शहर में फैल चुकी थी। पूजा की बिदाई करके दूसरे दिन मनहर जी मुंबई जाने के लिए रवाना हुए। उन्होंने पूजा को अनमोल तोहफ़े दिए। २००० आमंत्रित महानुभाव पधारे थे। मैं मंडप के हर कोने में चारों तरफ़ साईं बाबा की मौजूदगी का अनुभव कर रहा था। उस समय पूजा की शादी में तक़रीबन दस लाख का ख़र्चा हुआ। मैं चकित् रह गया। मैं अकिंचन बेटी की धूमधाम से हुई शादी देख कर मंडप में ज़मीन पर बैठ कर साईं बाबा का शुकराना कर रहा था। आज यह लेख लिखते समय भी शादी की स्मृतियाँ आँखों के सामने तस्वीर बन कर उभर आती हैं।

बेटा पार्थ भी कम्प्यूटर इंजीनियर बन गया। उसकी भी शादी अच्छे घराने में हो गई। थोड़े साल अहमदाबाद की एक सॉफ्टवेअर कंपनी में तजुरबा पाकर उस कंपनी के ही ज़रिए वह अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की राजधानी संक्रामेन्टो में रह रहा है। हम अब बड़ौदा में अकेले पड़ गए। सन् २०१९ में बेटे ने हमें पहली बार अमेरिका बुलाया। तब से लेकर आज तक हम ६ महीने अमेरिका और ६ महीने भारत में रहते हैं। आगे चल कर बीस साल से पूजा लंदन में रहती है। हम लंदन भी जाते हैं।

निवृत्त होने के बाद जो फंड मिला उसे अपने पास ना रख कर मैंने अपना सारा क़र्ज चुकता कर दिया। पेंशन अच्छी मिलती है। गुज़र-बसर हो जाता है। पूजा ने लंदन में शायीना केअर सर्विस नामक कंपनी शुरू की है। उसकी एक शाखा बड़ौदा में शुरू की है। पिछले ५ साल से मैं उसका कार्यभार संभाल रहा हूँ। ज़रूरत पड़ने पर बेटी-बेटा दोनों आर्थिक सहायता करते हैं। बेटी पूजा ने रहने के लिए आलिशान घर दिया है। यातायात के लिए मोटर कार भी दी है। देखो! इम्तिहान का दौर पूरा हुआ। जितने दुःख झेले उसके कई गुना सुख साईं ने मेरी झोली में डाल दिए हैं। वक़्त सब का बदलता है; एक जैसा समय कभी नहीं रहता। मैं पिछले २० साल से शिर्डी साईं बाबा संस्थान प्रकाशित 'श्री साईं लीला' पत्रिका के साथ जूडा हूँ। 'श्री साईं लीला' संपादकीय मंडल के सदस्य अब मेरे क़रीबी मित्र बन चुके हैं। वे सभी सहज और सरल स्वभाव के हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में मैंने कई अंग्रेजी-मराठी लेखों का हिंदी में अनुवाद किया है। मैंने स्वयं भी बाबा के लिए कई लेख लिखे हैं। पिछले साल श्री साईं सत् चरित में से मैंने बाबा के ११२ उपदेशों का चयन किया। एक साल तक वे उपदेश क्रमशः साईं वचनामृत शीर्षक से प्रकाशित हुए। केवल उपदेश ही नहीं मैंने उन तमाम उपदेशों का सविस्तर निरूपण भी किया है। साईं भक्त पाठकों से बहुत सराहना मिली। भक्तों ने बधाइयाँ दीं।

साईं समर्थ ने मुझे कवित्व शक्ति भी दी है। बाबा ही तो प्रेरणास्त्रोत हैं। पिछले ६ दशकों में मैंने गुजराती एवं हिंदी ग़ज़लें लिखी हैं। शहर में होने वाले कवि सम्मेलन - मुशायरों में जाता हूँ। ग़ज़ल पठन तरन्नूम में करता हूँ। मेरा ग़ज़ल संग्रह 'अभिवादन' नाम से मक़बुल हुआ है। पाठकों के लिए मैं अपनी हिंदी ग़ज़ल नमूने के तौर पर पेश कर रहा हूँ -

**मुझे किस ख़ता की सज़ा दे रहे हो?**
**दबी आग को क्यों हवा दे रहे हो?**
**नहीं आरज़ू अब जीने की मुझको**
**सौ साल की क्यों दुआ दे रहे हो?**

**- विनय घासवाला**
१०/३०२, लाभ रेसिडन्सी, अटलदरा,
वडोदरा - ३९० ०१२, गुजरात.
संचार ध्वनि : (०)९९९८९९०५६४




# अन्नदान श्रेष्ठ दान


''गुड़ मॉर्निंग, साईं मॉर्निंग, आशा रखती हूँ कि आप सब साईं कृपा से स्वस्थ और मस्त होंगे। बाबा हमेशा आप सबको ढेर सारी ख़ुशियाँ दें। आपका भंडार भरा रखें।''

साईं भक्तों, यदि आप यू-ट्यूब पर 'साईं-दीदार' चैनल पर प्रेरणादायी सुबह की प्रार्थना एक मधुर मुलायम आवाज़ में सुनते हैं, मैं आज उस आवाज़ की स्वामिनी से परिचय करवाना चाहता हूँ। उस आवाज़ की स्वामिनी का नाम है अनु मिश्रा।

शब्दों के धागों में भक्ति भाव के मोती पिरो कर साईं के गले में उस माला को पहनाने वाली, सभी साईं भक्तों के लिए सुबह की प्रार्थना में दुआ माँगने वाली, ज़िंदगी से थके-हारे लोगों में जान फूँकने वाली अनु का जीवन सादगी, भक्ति, प्रेम और करुणा का पर्याय बन चुका है। आज के इस युग में रहती है, मगर अनु को आधुनिकता की हवा तक छू नहीं पाई है। अनु दिन-रात, शामो-सहर साईं की लगन में मगन रहती है। 'साईं दीदार' चैनल पर आज एक लाख से अधिक साईं भक्त जुड़े हुए हैं। ना केवल प्रेरणादायी बातें करती है, बल्कि साईं भक्तों के दु:खों को साईं तक पहुँचाती है और आश्चर्य इस बात का है कि अनु की रूह की गहराई से निकली पुकार साईं दरबार तक पहुँचती है। भक्तों की पीड़ा दूर होती है। हर गुरुवार, दोपहर १२.३० से २.०० बजे तक वह अपने घर में साईं-सुमिरन का कार्यक्रम रखती है। महीने में दो बार अपने शहर लुधियाना में भिक्षुकों और ख़ास करके मज़दूरों को अन्नदान करती है। ऐसी न्यारी साईं दीवानी अनु की ज़िंदगी की राह पर गुलाबों की जाजम ही नहीं बिछी है, साथ-साथ दु:ख, संकट, मुसीबत के काँटें भी बिछे हुए हैं।

आइए! मैं आपको साईं भक्ति में लीन अनु की ज़िंदगी के बारे में मुख्तसर जानकारी दूँ। अनु ख़ुद को साईं की 'अनु' कहलाना पसंद करती है। बाबा उसकी ज़िंदगी में आए, उससे पहले वह किसी भी भगवान् में आस्था रखती नहीं थी। पिता

देवराज मिश्रा और माता नीलू मिश्रा की बेटी अनु के दो भाई हैं। पंच तत्व से बने शरीर की तरह अनु के परिवार में पाँच सदस्य हैं। देवराज जी राम भक्त थे। बात है सन् २००८ की, जब अनु का छोटा भाई साईं की तस्वीर लेकर आया। उसके भाई ने उसे बताया कि साईं व्रत रखने से हर एक मनोकामना पूर्ण होती है। अनु ने साईं व्रत शुरू किया। चमत्कार कह लो, तो चमत्कार। बाबा इस तरह से उसकी ज़िंदगी में आए। बाबा की वह लाड़ली बनी। इस कदर वह साईं से घुलमिल गई कि वह साईं से बातें करने लगी! यह बात उन दिनों की है जब वह सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। पढ़ने में तेज़ थी। उसके पिता साईं के खिलाफ़ थे। उनका मानना था कि साईं मुसलमान हैं और एक ब्राह्मण परिवार में ऐसे साईं की पूजा हरगिज़ नहीं होगी। बाकी परिवार के सभी सदस्य साईं भक्त थे। सबके मन में डर बैठ गया। उस वक़्त ये सभी एक ही कमरे में रहते थे। आश्चर्य! अनु की माता को स्वप्न में एक फ़क़ीर दिखाई दिया। घर के तख़्त पर बैठे हुए फ़क़ीर ने कहा, 'चिंता मत कर; बहुत जल्द तेरा बड़ा घर बन जाएगा!' सुबह में जब अनु की माता जी ने सबको अपना स्वप्न सुनाया, तो किसी को भी विश्वास नहीं हुआ। मगर बाबा कहते हैं ना कि जब होने लगता है, तो बहुत कुछ होने लगता है। तुम मेरी ओर एक क़दम बढ़ाओगे, तो मैं तुम्हारी ओर दस क़दम बढ़ाऊँगा। अनहोनी को होनी में बदलने की शक्ति मेरे साईं में है। स्वप्न के एक साल बाद अनु का भाई शिर्डी गया और दूसरी तरफ़ अनु का घर बनना शुरू हो गया! उसका भाई शिर्डी से बाबा की एक छोटी सी मूर्ति लाया; मगर पिताश्री राम भक्त होने के कारण उन्होंने साईं मूर्ति को घर में स्थापित नहीं करने दिया। एक दिन अगरबत्ती बेचने वाले की तरफ़ से अनु को लुधियाना में भी साईं मंदिर होने की जानकारी मिली। एक दिन पिताजी को बताए बिना ही सभी लुधियाना साईं मंदिर गए। शाम को जब पिताजी घर आए तब सबने ख़ुशी से साईं धाम मुलाक़ात की बात बताई। घर में कुहाराम मच गया। जब दूसरी बार अनु साईं धाम गई तब उसे उदी मिली। अब यहीं से घर में साईं चमत्कार होना शुरू हुआ। अनु के पिताजी को एक रात पथरी का दर्द होने लगा। अस्पताल जाने की सुविधा नहीं थी। देर रात कोई वाहन नहीं मिला। अचानक अनु को उदी की याद आई। उसकी माता जी ने जबरदस्ती पिताजी के मना करने पर भी जहाँ दर्द होता था वहाँ उदी लगाई। अनु का विश्वास जीत गया। साईं की कृपा से अनु के पिताजी का पथरी का दर्द केवल दो मिनट में गायब हो गया। साईं की मौजूदगी का एहसास सबको हुआ। उस दिन के बाद पिताजी भी साईं के परम भक्त हो गए। फिर तो शिर्डी से लाई गई बाबा की मूर्ति घर में स्थापित की गई! कब, किसको, कहाँ और कैसे अपनी ओर खिंचना है, यह साईं ही जाने! हम अज्ञानी नादान साईं की लीलाओं को समझने में असमर्थ हैं।



अक्सर साईं अपने भक्तों की कठिन परीक्षा भी लेते हैं। अनु के साथ भी ठीक वैसा ही हुआ। उसकी माताजी बीमार रहने लगीं। बहुत सारी बीमारियों ने उन्हें घेर लिया। इलाज करने पर भी सेहत अच्छी नहीं हो रही थी। अब तो अनु कॉलेज जाने लगी थी। कॉलेज से आने के बाद माताजी को लेकर अस्पताल जाना पड़ता था। इस वजह से पढ़ाई में रुकावटें आने लगीं। ऐसे वक़्त में इंसान ज्योतिषियों का सहारा लेता है। दुर्भाग्य की बात तो यह थी कि ऐसी हालत में साईं की याद तक नहीं आई। कभी-कभी इलाज के लिए पैसों की तंगी! बी.ए. फायनल वर्ष की परीक्षा के लिए फीज़ जूटा नहीं पाई। पिताजी ने ढाढ़स बँधाया। बीमारी, आर्थिक कठिनाई के कारण अनु ने पढ़ाई छोड़ दी। माताजी की देखभाल के लिए समय मिलने लगा। संगीत की शिक्षा लेना आरंभ किया। वह भी छोड़ना पड़ा। एक दिन टी.वी. पर अनु शिर्डी के साईं बाबा फ़िल्म उसकी माताजी के साथ देख रही थी। तब अचानक अनु की मम्मी ने कहा कि हम शिर्डी जाएँगे। यह बात २०१८ की है। कई समस्याओं का सामना करते-करते वे सभी साईं दरबार पहुँचे। अनु समाधि मंदिर में साईं के सामने नतमस्तक



हुई। बुरा वक़्त टल गया। उसकी मम्मी के कहने पर बाबा की मूर्ति ले ली। साईंनाथ की प्यारी मूर्ति लेकर परिवार लुधियाना वापस लौटा और २२ मार्च २०१८, गुरुवार के दिन घर-मंदिर में बाबा को विराजित किया। तब से लेकर आज तक हर साल २२ मार्च को अनु साईं भक्तों को निमंत्रित करके 'साईं भजन संध्या' का बड़े पैमाने पर आयोजन करती है। नियमित साईं धाम जाना भी पुनः आरंभ हो गया। बाबा के साथ अनु की भक्तिभावना भी और बलवत्तर हो गई। अब 'साईं दीदार' चैनल का शुरू होना भी साईं की ही करामत थी। एक दिन उसने फेसबुक पर एक 'आई-डी' बनाई; नाम रखा, 'साईं अनु मिश्रा'। उस पर वह रोज़ साईं बाबा के दर्शन अपलोड करती थी। धीरे-धीरे नाम बदल कर 'साईं दीदार' चैनल रखा। यह साल था, अप्रैल २०२०। उसने पहले साईं सत् चरित को अपनी आवाज़ में सुनाना शुरू किया। उसने सोचा कि मुझे बाबा की लीलाएँ एवं चमत्कार की बात भी करनी चाहिए। बाबा की लीला बताना शुरू किया। अनु का चैनल शनैः शनैः बहुत लोकप्रिय होने लगा। उसके साथ लाखों साईं भक्त जुड़ गए। दूसरे चैनलों से अपना चैनल बंद करने के लिए अनु को धमकियाँ मिलने लगीं। उसने रूह की गहराई से बाबा से प्रार्थना की। कहते हैं ना कि ''जाको राखे साईयाँ, मार सके ना कोय। बाल ना बाँका कर सके, जो जग बैरी होय।'' बिना डर साईं को याद करके अनु ने चैनल को ज़ारी रखा। बिलखती हुई आवाज़ में उसने गुहार लगाई। बाबा को ही अपना सर्वस्व सौंप कर, बाबा को अपना साथी बना कर 'साईं-दीदार' चैनल को चलने दिया। अब रोज़ सुबह पाँच बजे अनु साईं की लीला और चमत्कारों को अपनी मधुर आवाज़ में रिकॉर्ड करके साईं भक्तों तक पहुँचाती है। साथ-साथ बाबा के ग्यारह वचनों का पाठ भी सुनाती है। उसने चैनल को अपना परिवार बना लिया है। अनु रोज़ अपने चैनल पर प्रेरणादायी प्रार्थना के साथ जिन साईं भक्तों की सालगिरह होती है उन्हें बधाई देती है। जिनकी सेहत अच्छी नहीं है उन भक्तों के नाम पढ़ कर उनकी सेहत अच्छी हो जाए, इसके लिए अंतःकरण से प्रार्थना करती है। ओडिशा, कोलकाता, मुंबई, पठानकोट, गुजरात, बिहार, ना जाने कहाँ-कहाँ से लोग इस चैनल के साथ जुड़ गए हैं! साईं भक्त और साईं के बीच अनु बेटी एक ज़रिया बन गई है। वह कोई साधारण लड़की ना रह कर साईं की, साईं भक्तों की लाड़ली बन चुकी है। निष्पाप, निष्कलंक, निःस्वार्थ भाव से जब अनु साईं से प्रार्थना करती है, तो वह प्रार्थना साईं दरबार तक अचूक पहुँचती है। बाबा को नित स्नान कराना, अच्छे वस्त्र पहनाना, दोपहर-शाम को बाबा को भोग लगाना, स्वयं गुरुवार का व्रत रखना, अनु की दिनचर्या बन चुकी है। अनु अविवाहित है। उसके जीवन में साईं के सिवा कुछ भी नहीं है। होटल, थिएटर, फ़िल्में इन सबका उसके जीवन में स्थान नहीं है। सामान्य घर में रहने वाली, साधारण परिस्थिति में गुज़र-बसर करने वाली अनु के पास ना तो आलिशान बंगला है, ना ही चमचमाती कार है। कहीं आना-जाना हो, तो आटो रिक्षा का उपयोग करती है। बाबा ने अपने अवतार काल में बापूसाहेब बुटी, नानासाहेब चाँदोरकर, काकासाहेब दीक्षित, काका महाजनी, लक्ष्मीबाई, म्हालसापति जैसे हीरों को तराश कर नायाब बना दिया। साईं की अद्भुत, आकर्षण शक्ति ने अनु को तराशा है। यह सब मैं इसलिए लिख रहा हूँ, क्योंकि अनु का सादगी भरा जीवन मैंने बहुत क़रीब से देखा है। साईं हमें भी ऐसी लगन में मगन रखें। जीवन की तीन अवस्था में से किसी एक अवस्था में साईं हमें दर्शन दें, यही साईं चरण-कमलों में आराधना करता हूँ।

**ॐ साईं, श्री साईं, जय जय साईं...**

कथन : **अनु मिश्रा** लुधियाना
शब्दांकन : **विनय घासवाला**

○○○





# श्री साईं सत् चरित पारायण समारोह

**श्री** साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी, नाट्य रसिक मंच, शिर्डी और शिर्डी ग्रामवासी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित श्री साईं सत् चरित पारायण समारोह शुक्रवार, दिनांक २५ जुलाई से शुक्रवार, दिनांक १ अगस्त, २०२५ इस अवधि में मंगलमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस पारायण समारोह में ५ हज़ार से अधिक महिलाओं और २ हज़ार से अधिक पुरुषों सहित ७ हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस समारोह के दौरान विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

हर साल श्रावण माह के उपलक्ष्य में श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी, नाट्य रसिक मंच, शिर्डी और शिर्डी ग्रामवासी द्वारा संयुक्त रूप से श्री साईं सत् चरित के पारायण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह श्री साईं सत् चरित पारायण समारोह हज़ारों पाठकों की उपस्थिति में मनाया गया। इस पारायण समारोह का यह ३१वाँ वर्ष था।

प्रथम दिन प्रातः समाधि मंदिर से श्री साईं सत् चरित पावन ग्रंथ एवं साईं तस्वीर की सवाद्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर एवं द्वारकामाई मार्ग से साईं आश्रम भक्त निवास स्थान स्थित पारायण मंडप तक निकाली गई। इस शोभायात्रा में संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर ग्रंथ लिए, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री भीमराज दराडे वीणा लिए, प्रशासकीय अधिकारी श्री संदीप कुमार भोसले एवं प्र. कामगार अधिकारी श्री शरद डोखे श्री की तस्वीर लिए और संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर की पत्नी श्रीमती वंदना गाडीलकर कलश लिए शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, नाट्य रसिक मंच के पदाधिकारी, मंदिर पुजारी, संस्थान के कर्मचारी, ग्रामवासी एवं साईं भक्त बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

शोभायात्रा पारायण मंडप में पहुँचने पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर एवं गणमान्य व्यक्तियों के हाथों ग्रंथ एवं कलश का पूजन होकर श्री साईं सत् चरित पारायण पठन का शुभारंभ हुआ। सुबह ७ से ११.३० बजे तक पुरुष पाठकों ने तथा दोपहर १ से शाम ५.३० बजे तक महिला पाठकों ने श्री साईं सत्




चरित का पाठ किया। शाम ५.३० से ६.३० बजे तक महिला पाठकों के लिए हल्दी-कुंकुम समारोह तथा शाम ७ से रात ९ बजे तक श्री साईं बाबा शिक्षण प्रसारक मंडल प्राथमिक विद्या मंदिर, शिर्डी का सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री साईं आश्रम पारायण मंडप में संपन्न हुआ। रात ७.३० से ९.३० बजे तक ह.भ.प. श्री लहू महाराज कराले, नीमगाँव, श्री ज्ञानेश्वर महाराज मंदिर, नीमगाँव, कोऱ्हाले (ज़िला अहिल्यानगर, महाराष्ट्र राज्य) का कीर्तन कार्यक्रम प्रवेशद्वार क्रमांक ३ के सामने स्थित श्री साईं बाबा समाधि मंदिर शताब्दी मंडप में संपन्न हुआ।

दिनांक २६ जुलाई को दोपहर में श्री साईं कला मंच, हिंगणघाट, वर्धा (महाराष्ट्र राज्य) द्वारा श्री साईं भजनों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम को श्री ज्ञानदेव निवृत्ति गोंदकर, शिर्डी द्वारा प्रवचन कार्यक्रम और रात ७.३० से ९.३० बजे तक ह.भ.प. श्री हर्षद महाराज खैरनार, सिन्नर (महाराष्ट्र राज्य) द्वारा कीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

दिनांक २७ जुलाई को डॉ. श्री नचिकेत वर्पे (शिर्डी) का योग एवं आहार पर पुरुषों के लिए सुबह में और महिलाओं के लिए शाम को श्री साईं आश्रम पारायण मंडप में व्याख्यान हुआ। दोपहर में साईं सारंग बिट्स, मुंबई द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और शाम को ह.भ.प. श्री रामनाथ महाराज शास्त्री, सिन्नर का कीर्तन हुआ।

दिनांक २८ जुलाई को शाम को डॉ. श्री नचिकेत वर्पे (शिर्डी) का योग एवं आहार पर व्याख्यान हुआ। रात को ह.भ.प. श्री साईं दास बालासाहेब हासे, इंदौरी का कीर्तन हुआ।

दिनांक २९ जुलाई को दोपहर में श्री साईं बाबा कन्या विद्या मंदिर, शिर्डी विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। शाम को श्रीमती आशाबाई भानुदास गोंदकर, शिर्डी का प्रवचन कार्यक्रम हुआ। रात में ह.भ.प. कु. कृष्णा महाराज हजारे, शिर्डी का कीर्तन हुआ।

दिनांक ३० जुलाई को दोपहर में श्री साईं बाबा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शिर्डी के छात्रों का सांस्कृतिक





कार्यक्रम हुआ। शाम को श्री देव कुडालेश्वर मित्र मंडल, कुडाल (ज़िला सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र राज्य) का 'साईं भजन संध्या' कार्यक्रम हुआ। रात में ह.भ.प. कु. ओंकार महाराज बोचरे, नीमगाँव, श्री ज्ञानेश्वर महाराज मंदिर, नीमगाँव, कोऱ्हाले का कीर्तन कार्यक्रम हुआ।

दिनांक ३१ जुलाई को दोपहर में डॉ. विलासराव सोमवंशी का प्रवचन कार्यक्रम हुआ। शाम को श्री गोरक्षनाथ नलगे, चिंचोली, ता. राहुरी (महाराष्ट्र राज्य) का श्री साईं कथा कार्यक्रम हुआ। रात में ह.भ.प. श्रीमती सुजाताताई पाटिल, नांदेड (महाराष्ट्र राज्य) का कीर्तन हुआ।

दिनांक १ अगस्त को सुबह में एकता मंच, शिर्डी का श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ हुआ। शाम को ह.भ.प. श्री प्रसाद महाराज बोर्डीकर का कीर्तन कार्यक्रम हुआ।

शुक्रवार, दिनांक १ अगस्त को सुबह में पुरुष एवं महिला पाठकों द्वारा अध्याय ५३ (अवतरणिका) के पठन के बाद पारायण की समाप्ति हुई। दोपहर में गाँव में श्री साईं सत् चरित की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा लौटने के बाद वीणा-पूजन किया गया।

दिनांक २ अगस्त को, सुबह में पारायण मंडप में ह.भ.प. श्री वैभव प्रदीप ओक, डोंबिवली (ता. कल्याण, ज़िला ठाणे, महाराष्ट्र राज्य) का गोपाल काला कीर्तन हुआ। इसके बाद दोपहर में महाप्रसाद का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाम को ह.भ.प. श्री भानुदास महाराज बैरागी का एकनाथी भारूड का कार्यक्रम हुआ।

इस पारायण समारोह को सफलता से संपन्न करने के लिए संस्थान के सभी प्रशासनिक अधिकारी, सभी विभागों के प्रमुख, नाट्य रसिक मंच के सभी पदाधिकारी, सभी ग्रामवासी, संस्थान के सभी कर्मचारी, संस्थान तदर्थ समिति की अध्यक्षा एवं मुख्य ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अंजू शेंडे (सोनटक्के), समिति सदस्य एवं ज़िला कलेक्टर डॉ. पंकज आशिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर और उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री भीमराज दराडे के मार्गदर्शन में प्रयासरत रहे।

**भव्य समापन –**

दिनांक २५ जुलाई से चले इस पारायण समारोह में शिर्डी के और पंचक्रोशी से आए लगभग ७ हज़ार साईं भक्तों ने भाग लिया।

दिनांक १ अगस्त को सुबह में अध्याय क्रमांक ५३ (अवतरणिका) के पठन से श्री साईं सत् चरित पारायण का समापन हुआ। इसके बाद संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर और उनकी पत्नी श्रीमती वंदना गाडीलकर के हाथों ग्रंथ-पूजन हुआ। पारायण समाप्ति के उपलक्ष्य में दोपहर ३.३० बजे पारायण मंडप से श्री साईं सत् चरित ग्रंथ की संगीतमय शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में पारंपरिक संबल वाद्यों के १० से १२ समूह, श्री देव कुडालेश्वर मित्र मंडल, कुडाल द्वारा पेश ३ धार्मिक दृश्यों के साथ चित्रित रथ, साथ ही रंजिनी आर्टस, मालाप्पुरा (केरल) द्वारा पारंपरिक वाद्य और दक्षिणी नृत्य सहित विविध वेशभुषाओं से सजे रूप शामिल थे, जो शोभायात्रा के विशेष आकर्षण बने।

दिनांक २ अगस्त को सुबह १० से दोपहर १२ बजे तक ह.भ.प. श्री वैभव प्रदीप ओक (डोंबिवली) का गोपाल काला कीर्तन कार्यक्रम होकर दही हांडी फोड़ी गई और पारायण समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री भीमराज दराडे सहित संस्थान के अधिकारी, नाट्य रसिक मंच के पदाधिकारी, साथ ही पारायणार्थी और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके बाद दोपहर १२.३० से ४ बजे तक महाप्रसाद का कार्यक्रम संपन्न हुआ। रात ७.३० से ९.३० बजे तक ह.भ.प. श्री भानुदास महाराज बैरागी का एकनाथी भारूड कार्यक्रम हुआ।

मूल मराठी से हिंदी रूपांतरण : **शंभु सोनी, अर्चना कोली**

ई-मेल : **siyarampress@gmail.com**

❍❍❍

*(पृष्ठ १४ से)*

**काका जी की बन गई**
**नाना की भी बन गई**
**बायजा लक्ष्मी की बनी**
**साईं सेवा काम से**

**बिगड़ी सबकी बन गई...**

**लाचारों की बन गई**
**बीमारों की बन गई**
**दीन धनी सबकी बनी**
**साईं के दरबार से**

**बिगड़ी सबकी बन गई...**

**भक्त जनों की बन गई**
**बैरी की भी बन गई**
**अब्दुल बाबा की बनी**
**साईं दर पे आन के**


**बिगड़ी सबकी बन गई**
**साईं प्रभु के नाम से**
**नैया मेरी तर गई**
**साईं के गुणगान से**

**जय साईंनाथ!**

**- दास कुम्भेश**

बी-२०३, जूही, सेक्टर २, वसंत नगरी,
वसई (पूर्व) - ४०१ २०८, पालघर, महाराष्ट्र.
ई-मेल : **kumbhesh9@gmail.com**
संचार ध्वनि : (०)९८९०२८७८२२

❍❍❍



**यदि तुम इस ग्रंथ का आदरपूर्वक पठन करोगे तो श्री साईं प्रसन्न होकर तुम्हें अज्ञान और दरिद्रता के पाश से मुक्त कर ज्ञान, धन और समृद्धि प्रदान करेंगे। यदि एकाग्रचित्त होकर नित्य एक अध्याय ही पढ़ोगे तो तुम्हें अपरिमित सुख की प्राप्ति होगी। इस ग्रंथ को अपने घर पर गुरुपूर्णिमा, गोकुल अष्टमी, रामनवमी, विजयादशमी और दीपावली के दिन अवश्य पढ़ना चाहिए। यदि ध्यानपूर्वक तुम केवल इसी ग्रंथ का अध्ययन करते रहोगे तो तुम्हें सुख और संतोष प्राप्त होगा और सदैव श्री साईं चरणारविंदों को स्मरण बना रहेगा और इस प्रकार तुम भवसागर से सहज ही पार हो जाओगे। इसके अध्ययन से रोगियों को स्वास्थ्य, निर्धनों को धन, दुःखित और पीड़ितों को शांति मिलेगी तथा मन के समस्त विकार दूर हो मानसिक शांति प्राप्त होगी।**

# Shree Sai *Punyatithi* Festival - 2025



Celebrating *Punyatithi* is a great blessing. There are millions of devotees of Shree Sai Baba worldwide. These devotees come to Shirdi to seek their *Sadguru*'s blessings on Sai *Punyatithi*. The 107th *Punyatithi* festival of Shree Sai Baba was celebrated from Wednesday, October 1, 2025 to Saturday, October 4, 2025 in an auspicious and enthusiastic environment.

*Kakad Aarti* was done at 5.15 a.m. on Wednesday, October 1, 2025, the first day of the festival. After that, at 5.45 a.m. Shree Sai Baba's Photo, the *Veena* and the holy *Granth* 'Shree Sai Satcharita' were taken in a grand procession from the *Samadhi Mandir* to Dwarkamai via *Gurusthan* with the sounding of cymbal, *mrudang* and other musical instruments. In this procession, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan with the holy book, Shri Bhikan Dabhade, Executive Engineer with the *Veena* and Shri Bheemraj Darade, Deputy Chief Executive Officer and Shri Vishwanath Bajaj, I/c. Administrative Officer carrying the Photo of Shree Sai Baba participated. Shri Sandeepkumar Bhosale, Administrative Officer, Shri Vishnu Thorat, Head of the temple department, Shri Deepak Lokhande, I/c. Public Relations Officer, temple priests, villagers and Sai devotees were present in large numbers on the occasion. After the procession reached Dwarkamai, the *Akhand* (incessant) *Parayan* (reading) of the holy *Granth* 'Shree Sai Satcharita' commenced with Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan reading the first chapter, Shri Bheemraj Darade, Deputy Chief Executive Officer the second, Shri Sanjay Jori, I/c. Deputy Executive Engineer the third, Shri Ramdas Kokane, I/c. Superintendent (General Administration dept.) the fourth and Shri Rahul Galande, I/c. Chief of the









C.C.T.V. dept., reading the fifth chapter.

The holy bath of Shree Sai Baba was done at 6.30 a.m. After that, doing the “Shirdi *majhe* Pandharpur” *Aarti*, *darshan* by the devotees commenced. At 7 a.m. Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan with his wife performed the *Padyapooja* (worship of the holy feet) of Shree Sai Baba in the *Samadhi Mandir*.

At 12.30 p.m. the mid-day *Aarti* of Shree Sai Baba was done.

From 1 p.m. to 3 p.m. Shri Vijay Ghate, Pune’s ‘Sai Bhajan’ programme was held.

At 4 p.m. the *Keertan* programme of *Hari Bhakt Parayan* Sou. Harshali Deshpande, Nashik was held.

The *Dhooparti* was done at 6.15 p.m.

From 7 p.m. to 9 p.m. Shri Nana Veer’s ‘Sai Bhajan Sandhya’ programme was held on the stage at the Shree Sai Baba *Samadhi Shatabdi* (Centenary) *Mandap* next to Shree Hanuman *Mandir*.





The programmes were immensely lauded by the audience. After the programmes, the artists of the programmes were felicitated on behalf of the Sansthan. The palanquin procession was taken out through the village with the musical instruments at 9.15 p.m. In this procession, cymbal, lezim, band, drum troops, Sai devotees and villagers were present in large numbers. Local artists presented the *bharud* programme in front of the palanquin.

After the procession, the *Shejarti* was done. Dwarkamai was kept open throughout the night for the *Akhand Parayan* of the holy *Granth* 'Shree Sai Satcharita'.

On Thursday, October 2, 2025, the main day of the festival, the *Kakad Aarti* was done at 5.15 a.m. The *Akhand Parayan* of the holy *Granth* 'Shree Sai Satcharita', was concluded at about 5.45 a.m. After that, the procession of Shree Sai Baba's Photo, the holy *Granth* 'Shree Sai Satcharita' and the *Veena* was taken out from Dwarkamai to the *Samadhi Mandir* via *Gurusthan* with



the sounding of cymbal, *mrudang* and other musical instruments. Smt. Anju Shende (Sontakke), Chairperson of the Sansthan's ad-hoc committee and District and Sessions Judge with the holy book 'Shree Sai Satcharita', Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan with the *Veena* and the Deputy Chief Executive Officer, Shri Bheemraj Darade and the Administrative Officer, Shri Sandeepkumar Bhosale carrying the Photo of Shree Sai Baba participated in this procession.

The holy bath of Shree Sai Baba was done at 6.15 a.m. After that, "Shirdi *majhe* Pandharpur" *Aarti* was done and the *darshan* by the devotees commenced. The *Padyapooja* of Shree Sai Baba was done in the *Samadhi Mandir* by the Chairperson of the Sansthan's ad-hoc committee and the District and Sessions Judge, Smt. Anju Shende (Sontakke) and her husband Shri Premanand Sontakke at 7 a.m. The worship of the new Flag on the Centenary Pillar in the Lendibaug was done at 8 a.m. by the Chairperson of the Sansthan's ad-hoc committee and the District and Sessions Judge, Smt. Anju Shende (Sontakke) and her husband Shri Premanand Sontakke.



At 9 a.m. the *Bhiksha Jholi* (seeking of alms) procession was taken out through the Shirdi city. The Chairperson of the Sansthan's ad-hoc committee and the District and Sessions Judge, Smt. Anju Shende (Sontakke), Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Goraksha Gadilkar, the Deputy Chief Executive Officer, Shri Bheemraj Darade, the Administrative Officer, Shri Sandeepkumar Bhosale, the Chief







Accounts Officer, Smt. Mangala Varade, the temple employees, 10 villagers and 10 Sai devotees participated in this procession. At 10 a.m. the *Keertan* programme of *Hari Bhakt Parayan* Sou. Shobhna Deshpande, Nashik was held.

The Chairperson of the Sansthan's ad-hoc committee and the District and Sessions Judge, Smt. Anju Shende (Sontakke) and her husband Shri Premanand Sontakke performed the *Aaradhana* (propitiation) ritual on the stage in front of the *Samadhi Mandir* at 10.30 a.m. The temple dept. Chief, Shri Vishnu Thorat, the I/c. Public Relations Officer, Shri Deepak Lokhande, temple priests, Shirdi villagers and Sai devotees were present on all these occasions.

The mid-day *Aarti* of Shree Sai Baba was done at 12.30 p.m.

From 1 p.m. to 3 p.m. the 'Sai Bhajan Sandhya' programme of Shri Bablu Duggal, Pune and from 3.30 p.m. to 5.30 p.m. the 'Sai Bhajan Sandhya' programme of Shri Rohit Duggal, Shrirampur, were held. The audience emmensely lauded the programmes. The artists of the programmes were felicitated by the Sansthan.

*Seemolanghan* (crossing the border) programme was held at the Khandoba temple at 5 p.m.

The *Dhooparti* was done at 6.15 p.m.

From 7.30 p.m. to 10 p.m. the 'Sai Bhajan Sandhya' programme of Shri Shailendra Bharati, Mumbai was held on the stage of Shree Sai Baba *Samadhi Shatabdi* (Centenary) *Mandap* beside the Hanuman temple. The audience spontaneously lauded the programmes. The artists of the programmes were felicitated by the Sansthan. The chariot procession was taken out with the musical instruments at 9.15 p.m. In this procession, cymbal, lezim, band, drum troops, Sai devotees and Shirdi villagers were present in large numbers. The local artists presented the *bharud* programme in front of the chariot. From 10 p.m. to 5 a.m. the next day, there was a performance of artists on the stage beside the *Samadhi Mandir*. Being the main day of the festival, the *Samadhi Mandir* was kept open for the *darshan* throughout the night.

On Friday, October 3, 2025, the third day of the festival, the holy bath of Shree Sai Baba was done at 5.50 a.m. After that, doing "Shirdi *majhe* Pandharpur" *Aarti*, *darshan* for the devotees commenced. At 7 a.m. the *Padyapooja* of Shree Sai Baba in the *Samadhi Mandir* was done by the Deputy Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Bheemraj Darade and his wife Sou. Vaishali Darade. From 1 p.m. to 3 p.m. the 'Sai Bhajan' programme of Sou. Padmavati Parekar (Ninad Group), Pune and from 4 p.m. to 6 p.m. the '*Ekadashi Keertan*' programme of *Hari Bhakt Parayan* Sou. Varsha Taklikar, Bandra West (Mumbai) were held. The *Dhooparti* was done at 6.15 p.m. From 7 p.m. to 9.30 p.m. the 'Sai Geetanjali' programme of Sou. Ashwini Sardeshmukh, Mumbai was held on the stage of Shree Sai Baba *Samadhi Shatabdi* (Centenary) *Mandap* beside the Hanuman temple. The audience emmensely lauded the programmes. The artists of the programmes were felicitated by the Sansthan.

The *Shejarti* was done at 10 p.m.

On Saturday, October 4, 2025, the concluding day of the festival, the *Kakad Aarti* of Shree Sai Baba was done at 5.15






a.m. After that, the holy bath of Shree Sai Baba at 5.50 p.m. and then "Shirdi *majhe* Pandharpur" *Aarti* were done. At 6.30 a.m. the *Padyapooja* of Shree Sai Baba in the *Samadhi Mandir* was done by the Administrative Officer of the Sansthan, Sou. Pradnya Mahandule (Sinare) and her husband Shri Pravin Sinare. After that, the *Rudrabhishek Pooja* at the *Gurusthan* was done by the Sansthan's Chief Executive Officer, Shri Goraksha Gadilkar and his wife Sou. Vandana Gadilkar. The *Kala Keertan* of *Hari Bhakt Parayan* Dr. Pradnya Deshpande, Pune was held at 10 a.m. After the *Kala Kirtan*, the *Dahi-handi* (pot of curd) was broken by Shri Pareshwar Babasaheb Kote, a descendant family member of the contemporary devotees of Shree Sai Baba, Smt. Bayjabai Kote and Shri Tatya Patil Kote. Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Bheemraj Darade, Deputy Chief Executive Officer, Shri Sandeepkumar Bhosale, Administrative Officer, Shri Vishnu Thorat, Head of the temple dept., Shri Deepak Lokhande, I/c Public Relations Officer, temple priests, Shirdi villagers and Sai devotees were present in large numbers.

The noon *Aarti* was done at 12.10 p.m.

From 1 p.m. to 3 p.m. the 'Sai Bhajan Sandhya' programme of Sou. Madhuri Chandrakant Gunjal, Sangamner and from 3.30 p.m. to 5.30 p.m. the 'Sai Bhajan' programme of Shri Shankar Kishan Giri, Ambad, Jalna were held. The *Dhooparti* was done at 6.15 p.m. From 7.30 p.m. to 9.30 p.m. the 'Saroj presented – Sai Swar Nrutyottsav' programme of Shri Vijay Sakharkar, Mumbai was held on the stage of Shree Sai Baba *Samadhi Shatabdi* (Centenary) *Mandap* beside the Hanuman temple. The audience lauded the programmes. The artists of the programmes were felicitated by the Sansthan.

The *Shejarti* was done at 10 p.m.

On the concluding day of the Shree

Sai *Punyatithi* festival, a philanthropic Sai devotee from Andhra Pradesh offered a golden garland weighing 954 gms. to Shree Sai Baba and handed it over to the Sansthan's Chief Executive Officer, Shri Goraksha Gadilkar.

Worth of this, studded with *Navratna* stones and beautifully embroidered golden garland is Rs. 1 crore 2 lakh 74 thousand 580.

The philanthropic Sai devotee was felicitated by the Sansthan's Chief Executive Officer, Shri Goraksha Gadilkar, on behalf of the Sansthan.

On the request of the devotee, his name has been withheld by the Sansthan.

Free tasty food *prasad bhojan* from the donations given by the philanthropic Sai devotees was given to the Sai devotees in the Shree Sai Prasadalaya on all four days of the Shree Sai Baba *Punyatithi* festival period. During the festival period, about 2 lakh Sai devotees availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. Sai devotees availed the 1,19,975 *ladoo prasad* packets and 1,62,600 free *bundi prasad* packets. 1,60,686 Sai devotees availed the benefit of the tasty food as *prasad bhojan* in free and 36,807 food packets as breakfast.

In the *Bhiksha Jholi* programme organized on the main day of the Shree Sai Baba *Punyatithi* festival, as per traditional practice, villagers and Sai devotees donated generously. In this *Bhiksha Jholi* programme, about 130 sacks of grains - wheat, *jowar*, *bajari*, pulses and rice and jaggery, and wheat flour, worth Rs. 4,66,333 and cash Rs. 56,372/- in all totalling Rs. 5,22,705/- donation was obtained.

During the Shree Sai Baba *Punyatithi* festival, attractive floral decorations in the *Samadhi Mandir* and its premises, Dwarkamai, *Chavdi* and *Gurusthan* were done from the donation made by the philanthropic donor Sai devotee from



Odisha, Shri Sadashiv Das and the electric lighting done by the Dwarkamai Mandal, Mumbai and a grand display 'Shree Sai *Ratna*' based on the *Navaratnas* revealed through the churning of the ocean erected at the entrance, attracted the attention of Sai devotees.

The Sansthan's Deputy Chief Executive Officer, Shri Bheemraj Darade, all the administrative officers, all the head of the departments and employees under the guidance of the Chairperson of the Sansthan's ad-hoc committee and the District and Sessions Judge, Smt. Anju Shende (Sontakke), Member of the ad-hoc committee of the Sansthan and District Collector, Dr. Pankaj Ashiya, Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Goraksha Gadilkar, took special efforts for the successful conduct of the festival.



**Shirdi News**
✲ **Public Relations Office** ✲
**Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi**
- Translated from Marathi into English by
**Vishwarath Nayar**
E-mail : **vishwarathnayar@gmail.com**

# Shree Gokul Ashtami Celebrated With Enthusiasm...

Shree Krishna *Janmotsav* was celebrated in the Shree Saibaba *Samadhi Mandir* after the *keertan* by *H.B.P.* Sou. Smita Ajegaonkar for the Shree Gokul Ashtami festival organized by Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi. Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Bhimraj Darade, Deputy Chief Executive Officer, Shri Vishnu Thorat, Head of the temple department, priests, Shirdi villagers and Sai devotees were present on this occasion. Shree Sai Baba's *Shej Aarti* was done after that.

Also, the *Kala Keertan* by *H.B.P.* Sou. Smita Ajegaonkar was held at the Shree Saibaba *Samadhi Shatabdi Mandap* for the festival. After the *Keertan*, Shri Pareshwar Babasaheb Kote, a member of the descendent family of the contemporary devotees of Shree Sai Baba, Smt. Bayjabai Kote and Tatya Patil Kote, broke the *Dahi Handi* in the *Samadhi Mandir*. Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Vishnu Thorat, Head of the temple department, temple priests, employees, Shirdi villagers and Sai devotees were present in large numbers on this occasion. A procession of Shree Sai Baba's chariot was taken out after that. *Shej Aarti* was done after the procession returned. This Shree Gokul Ashtami festival organized by Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi, was celebrated in a joyful and devotional environment.

❍❍❍

# Successful Eye Transplant Surgery in Shree Sainath Hospital

Successful eye transplant surgery was done on Shri Bhagwan Anand Talekar of Bhokardan (Jafrabad taluka, Jalna district, Maharashtra state) through the new Eye Bank started recently by the Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi-run hospital at the Shree Sainath Hospital. Shri Talekar got clear eyesight due to this surgery. Prior to this he had only a blurred view in one eye. But, after the surgery he can see clearly. He availed the *darshan* of Shree Sai Baba after his discharge. After that, he was felicitated by Shri Tushar Shelke, the then I/c. Public Relations Officer, on behalf of the Sansthan. Dr. Maithili Pitambare, Medical Superintendent of Shree Sainath Hospital, Dr. Soudamini Nighute, Ophthalmologist, Dr. Ashok Gavitre, Promoter of the Organ




Donation Movement, Shri Suresh Tolmare, Public Relations Officer of the Hospitals and Smt. Wani, Sister Incharge, were present on this occasion.

Shri Talekar has been troubled by poor eyesight since the last few years. Dr. Soudamini Nighute, specialist doctor in the Sansthan's hospital performed successful surgery on him. On experiencing clear eyesight for the first time after the treatment, Shri Talekar and his family's joy knew no bounds. Patients are always provided modern treatment methods and medical service for best health at both the hospitals of the Sansthan by the Sansthan. Free eye treatment and surgery are done on many patients. Thanking the Sansthan and the doctors for the treatment, Shri Talekar expressed happiness for the newly obtained lighted life.

❍❍❍

**Initially, Sai Baba would practice *ayurvedic* medicines in the village. He would examine patients, and give the medicines. He had a healing touch, and became a famous '*hakim*'. Once upon a time a devotee's eyes were swollen, and were like red balls. Both pupils were blood-red, and no '*vaid*' was available in Shirdi. The simple and pious devotees showed his eyes to Baba. Immediately, Baba got the marking-nut '*beeba*' pounded, and made into balls. Under the circumstances some may have put '*surma*' (powdered pearl); some may have put wet pieces of cloth dipped in cow's milk; others may have kept cool camphor cakes on the eyes or some would have used collyrium. But, Baba's remedy was absolutely different. He picked up each '*beeba*' ball in His own hands, and pressed as much as possible one in each eye, and then tied a cloth around them. The next day, the cloth tied around the eyes was removed, and the eyes were washed with cold water poured in a steady stream. All the swelling had disappeared, and the pupils were clear.**

**- Shree Sai Satcharita**




**Smt. Raveena Tandon, popular cine actress, availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. After that, Smt. Pradnya Mahandule, Administrative Officer of the Sansthan, felicitated her on behalf of the Sansthan. Shri Prashant Suryavanshi, Superintendent of the Public Relations department, was present on this occasion.**



**Smt. Mary Kom, popular world level boxer, availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. After that, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, felicitated her on behalf of the Sansthan by presenting her a shawl and an idol of Shree Sai.**



**Smt. Rashmika Mandana, popular cine actress and Shri Vicky Kaushal, popular cine actor, availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. After that, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, felicitated them on behalf of the Sansthan. Smt. Mangala Varade, Chief Accounts Officer of the Sansthan, Smt. Pradnya Mahandule, Administrative Officer and Shri Rohidas Mali, Security Officer, were present on this occasion.**



**Smt. Urmila Matondkar, popular cine actress, availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. After that, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, felicitated her on behalf of the Sansthan.**



Shri Rohan Patil, actor, availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. After that, he was felicitated on behalf of the Sansthan.



Shri Rajat Sharma, player in the Royal Challengers Bengaluru team, availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. After that, he was felicitated on behalf of the Sansthan.




**Shri Dilip Vengsarkar, former player in the Indian Cricket team, availed the *darshan* of Shree Sai Baba's *Samadhi*. After that, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, felicitated him on behalf of the Sansthan. Shri Vishnu Thorat, Head of the temple department and Shri Tushar Shelke, the then Incharge Public Relations Officer, were present on this occasion.**




**On the auspicious day of Shree Sai *Punyatithi* (Thursday, October 2, 2025) at the Sansthan's Mumbai Office**



# Indian Independence Day Celebrated in the Sansthan








The national flag was hoisted at 8.15 a.m. on August 15, 2025 by Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan in the Sansthan's educational complex. The Deputy Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Bheemraj Darade, Administrative Officers Sou. Pradnya Mahandule-Sinare, Shri Sandipkumar Bhosale, I/c Administrative Officer Shri Vishwanath Bajaj, Chief Accounts Officer Smt. Mangala Varade, Security Officer Shri Rohidas Mali, Medical Director Lieu. Col. Dr. Shailesh Ok, all Head of departments, Sansthan employees, teaching staff and students of the Sansthan's educational complex were present in large numbers.

Wishing Independence Day greetings to everyone present on the occasion, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, expressed his thoughts. After that, Shri Sudhanshu Lokegaonkar, music teacher of the educational complex and the students presented patriotic song. The anchoring of the programme was done by the Assistant teachers of Kanya Vidya Mandir, Shri Vasant Wani and Shri Ajinkyadev Gaikwad. Sports teacher, Shri Rajendra Kohakade thanked everyone present.

❍❍❍


In the early days, the great Sai was very fond of lightening oil lamps.

RNI Regd. No.
MAH/BIL/2000/8048

SHRI SAI LEELA

Oct. 15, 2025



Shree Sai *Punyatithi* Festival 2025



श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा टैको विजन्स प्रा. लि., गाला क्र. ९ और १०, ब्लू माऊंट वर्क स्टेशन, वालीव फाटा, सातीवली रोड़, वसई पूर्व, पालघर – ४०१ २०८ में मुद्रित और साईं निकेतन, ८०४ बी, डॉ. आंबेडकर रोड़, दादर, मुंबई – ४०० ०१४ में प्रकाशित।
* संपादक : मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी